# सामूहिक दुष्कर्म के बाद जीभ खींच युवती को जलाया था जिंदा

## आरोपः नशे में किया गया कुकृत्य, तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी

**अमृत विचारः** मोहम्मदपुर खाला थाने से कुछ दूरी पर जिंदा जलकर मरी युवती के मामले में नया मोड़ आ गया है। गुरुवार दोपहर घर से निकली युवती के साथ सामूहिक दुष्कर्म कर उसे जिन्दा जलाया गया था। आरोप कि मृतका की जीभ खींच ली गई और यह कुकृत्य शराब के नशे में हुआ। खुद को बचाने के लिए भागी लपटों से घिरी युवती थाने से कुछ दूरी पर गिर गई। हालांकि इलाज के लिए ले जाते समय युवती ने दम तोड़ दिया। घटना के आरोपी अभी पुलिस की पकड़ से दूर हैं, वहीं इस घटना में परिजनों की तहरीर पर पुलिस ने हत्या का मुकदमा दर्ज किया है।

बताते चलें कि गुरुवार को मोहम्मदपुर खाला थाने से कुछ दूरी पर लोगों ने एक युवती को जलते हुए देखा तो हड़कंप मच गया। इसकी सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने युवती को एंबुलेंस से सीएचसी भिजवाया, वहां से डाक्टरों ने इसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया। वहां युवती ने अपने बयान में अखिलेश यादव नामक युवक का नाम लिया। जो एक पेट्रोल पंप पर काम करता था, हालांकि तलाश में वह हाथ नहीं लगा। जिला अस्पताल से रेफर किए जाने पर लखनऊ ले जाते समय युवती ने दम तोड़ दिया। लखनऊ में शव पोस्मार्टम के लिए भेजा गया। हालांकि मृतका के भाई ने बताया कि उसकी बहन को दुष्कर्म के बाद जिन्दा जलाया गया है। पुलिस ने कोई सुनवाई नहीं की। वहीं बहन की ओर से शुक्रवार को पुलिस को तहरीर देकर स्पष्ट कहा गया कि गुरुवार की दोपहर उसकी बहन शौच के लिए गई थी। ग्रामीणों से सूचना मिलने पर वह मौके पर पहुंची तो बहन को नग्न अवस्था में जला हुआ पाया। आरोप है कि रामनगर थाना क्षेत्र के सायपुर बंजरिया गांव वासी अखिलेश यादव व तीन अज्ञात लोगों ने उसकी बहन के साथ दुष्कर्म किया फिर उसे जिन्दा जला दिया। यह भी कहना है कि मौके पर शराब की बोतल व कुछ गिलास मिले, वहीं मृतका की जीभ भी खींच ली गई थी। पुलिस ने फिलहाल तहरीर के आधार पर आरोपियों पर हत्या का मुकदमा दर्ज किया है लेकिन आरोपी पकड़ से दूर हैं। थाने से कुछ दूरी पर इस घटना को लेकर महकमे में हड़कंप मचा हुआ है। अपर पुलिस अधीक्षक उत्तरी विकास चंद्र त्रिपाठी का कहना है कि हत्या का मुकदमा दर्ज किया गया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## अनपढ़ महिला की पूरी भूमि का कराया फर्जी बैनामा

**सतरिख, बाराबंकीः** जमीन की खरीद-फरोख्त को लेकर कथित जालसाजी और धोखाधड़ी का मामला सामने आया है। थाना सतरिख क्षेत्र के ग्राम कैथी मजरे तिन्धवानी निवासी रजनी ने पुलिस अधीक्षक से शिकायत कर कहा है कि ग्राम चकसार स्थित भूमि उनकी खरीदी हुई संपत्ति है। आरोप है कि विपक्षी अभिषेक कुमार व सरोज कुमार ने 7,50,000 रुपये प्रति बिस्वां की दर से 5 बिस्वां भूमि कुल 37,50,000 रुपये में खरीदने की बात तय की थी। 4 दिसंबर 2025 को उन्हें उपनिबंधक कार्यालय नवाबगंज ले जाया गया, जहां तय 5 बिस्वां के बजाय पूरी 0.307 हेक्टेयर भूमि का बैनामा करा लिया गया। आरोप है कि मौके पर केवल 21,000 रुपये नकद दिए गए और शेष धनराशि खाते में भेजने की बात कही गई। बाद में 12 फरवरी को जब विपक्षी खेत पर कब्जा करने पहुंचे, तब खतौनी निकलवाने पर पूरी भूमि के बैनामे की जानकारी हुई। आरोप है कि बैनामे में 37,50,000 रुपये के स्थान पर 48,00,000 रुपये दर्शाए गए।

## छिपकली ने काटा महिला हुई बेहोश

**हैदरगढ़, बाराबंकीः** बैरिहा गांव में शुक्रवार दोपहर एक महिला को छिपकली के काटने से बेहोशी आ गई। गांव निवासी रुचि यादव (26) पत्नी सुरेश यादव दोपहर करीब ढाई बजे रसोई में खाना निकालने गई थीं। इसी दौरान छत पर चल रही छिपकली उनके ऊपर गिर पड़ी। छिपकली को हटाने के लिए उन्होंने हाथ दीवार पर पटका, जिससे दबाव में आकर छिपकली ने उन्हें काट लिया। घटना की जानकारी होते ही परिजन उन्हें तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले गए, जहां उपचार के बाद उन्हें होश आ गया। चिकित्सकों ने बताया कि समय पर इलाज मिलने से स्थिति सामान्य हो गई।



खुशी मनाते संगठन के पदाधिकारी। अमृत विचार

## मानदेय वृद्धि का शिक्षक संगठनों ने किया स्वागत

**बाराबंकी, अमृत विचार :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा 1 अप्रैल से अनुदेशक का मानदेय 9,000 से 17,000 और शिक्षामित्र का 10,000 से 18,000 करने के निर्णय का शिक्षक और अनुदेशक संगठनों ने स्वागत किया। अखिल भारतीय प्राशिसं के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुशील कुमार पांडेय ने जिपं कार्यालय में पदाधिकारियों को मिठाई खिलाई। उच्च प्राथमिक अनुदेशक शिक्षक वेलफेयर एसो. के जिलाध्यक्ष दिवाकर अवस्थी 'गांधी', प्रदेश प्रवक्ता नीरज पांडे व संगठन मंत्री अमरीश यादव सहित अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे। राष्ट्रीय अध्यक्ष पांडेय ने कहा यह वृद्धि शिक्षा कर्मियों के सम्मान और समर्पण का प्रतीक है। वहीं उत्तर प्रदेश प्राथमिक शिक्षा मित्र संघ ने इस निर्णय का हृदय से स्वागत किया। संघ के जिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष अनिल शर्मा (अजय) ने कहा कि यह ऐतिहासिक कदम शिक्षा कर्मियों के आर्थिक संबल और मनोबल को बढ़ाएगा। संघ पदाधिकारियों और शिक्षामित्रों ने एक-दूसरे को बधाई दी और मुख्यमंत्री को उनके दीर्घायु और सफल नेतृत्व के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया।

## हार्टअटैक से बुजुर्ग की गयी जान

**रामसनेहीघाट, बाराबंकीः** भिटरिया कस्बा स्थित एक मैरिज लान में चल रहे विवाह समारोह के रंग में भंग पड़ गया। यहां पर तेज आवाज में बज रहे डीजे के शोर से एक बुजुर्ग को हार्ट अटैक पड़ गया। निजी नर्सिंग होम ले जाने पर उसे मृत घोषित कर दिया गया। हैदरगढ़ के ग्राम रनापुर वासी रामकिशोर तिवारी के पुत्र वैभव की बारात पनाइपुरवा गांव निवासी संजीव तिवारी के यहां आई थी लेकिन वैवाहिक समारोह के लिए भिटरिया कस्बा स्थित एक मैरिज लाइन का चयन किया गया था। यहां पर दूल्हे वैभव की बहन के ससुर रामप्रताप मिश्र 60 भी बारात के साथ आए थे। द्वारचार की रस्में पूरी होने के बाद जयमाल की तैयारी चल रही थी और तेज आवाज में डीजे बज रहा था। इसी बीच जयमाल मंच के पास खड़े रामप्रताप मिश्र ने सीने में तेज दर्द की शिकायत की और कुछ ही क्षणों में वह जमीन पर गिर पड़े। परिजन तत्काल उन्हें भिटरिया के एक निजी नर्सिंग होम ले गए, जहां डॉक्टरों ने जांच के बाद बुजुर्ग को मृत घोषित कर दिया।

## डीएम ने की चकबंदी कार्यों व लंबित वादों की समीक्षा

**बाराबंकी, अमृत विचारः**डीएम शशांक त्रिपाठी ने कलेक्ट्रेट स्थित लोक सभागार में उप संचालक चकबंदी व संबंधित अधिकारियों संग बैठक कर जिले में संचालित चकबंदी कार्यों व लंबित वादों की समीक्षा की। निर्देश दिए कि सभी अधिकारी 1 से 3 वर्ष, 3 से 5 वर्ष और 5 वर्ष से अधिक समय से लंबित मुकदमों का गुण-दोष के आधार पर शीघ्र निस्तारण करें। उन्होंने पारदर्शिता, निष्पक्षता और जवाबदेही का विशेष ध्यान रखने के साथ समयबद्ध निपटान सुनिश्चित करने पर जोर दिया। बैठक में चकबंदी प्रक्रिया में गतिमान ग्रामों की प्रगति की भी समीक्षा की गई। इस अवसर पर बंदोबस्त चकबंदी अधिकारी श्री संजय कुमार विश्वास, चकबंदी अधिकारी और सहायक चकबंदी अधिकारी उपस्थित रहे।

## डायग्राम व टाइम मैनेजमेंट पर दें ध्यान

**बाराबंकी, अमृत विचारः** उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद की हाईस्कूल और इंटरमीडिएट परीक्षाएं 12 मार्च तक चलेंगी। परीक्षा को लेकर जहां छात्र-छात्राएं मेहनत में जुटे हैं, वहीं अभिभावकों की चिंता भी बढ़ी हुई है। ऐसे समय में परीक्षा में बेहतर अंक कैसे प्राप्त करें और तनाव से कैसे दूर रहें, इस विषय पर पीएम श्री राजकीय बालिका इंटर कॉलेज जैदपुर में गृह विज्ञान की प्रवक्ता डॉ. साधना चौहान ने महत्वपूर्ण सुझाव दिए। डॉ. साधना चौहान ने छात्र-छात्राओं को टिप्स देते हुए कहा कि परीक्षा कक्ष में सबसे पहले प्रश्नपत्र को ध्यानपूर्वक पढ़ें। किसी एक प्रश्न में अधिक समय न लगाएं, बल्कि प्रश्नों के अंकों के आधार पर समय का सही विभाजन करें। निर्धारित शब्द सीमा में उत्तर लिखने का प्रयास करें, ताकि सभी प्रश्नों के उत्तर दिए जा सकें और कोई प्रश्न छूटे नहीं। उन्होंने सलाह दी कि परीक्षा समाप्त होने से पहले कम से कम दस मिनट उत्तर पुस्तिका का रिवीजन जरूर करें। इससे यह सुनिश्चित हो सकेगा कि कोई प्रश्न छूटा तो नहीं है या उत्तर में कोई कमी तो नहीं रह गई है। सभी प्रश्नों का उत्तर देना स्कोर बढ़ाने के लिए बेहद जरूरी है। डॉ. चौहान ने यह भी कहा कि जहां संभव हो, उत्तर को रेखाचित्र (डायग्राम) के माध्यम से स्पष्ट करें, इससे अधिक अंक प्राप्त करने में मदद मिलती है। दीर्घ उत्तरीय प्रश्नों में स्पष्ट हेडिंग डालकर बिंदुवार (प्वाइंट्स में) उत्तर लिखें, जिससे परीक्षक को समझने में आसानी हो। उन्होंने विद्यार्थियों को विगत वर्षों के प्रश्नपत्रों को निर्धारित समय सीमा में हल करने का अभ्यास करने की सलाह दी। अति लघु उत्तरीय एवं बहुविकल्पीय प्रश्नों की अच्छी तैयारी करें, क्योंकि ये प्रश्न पूरे अंक दिलाने में सहायक होते हैं। तनाव और डिप्रेशन को लेकर उन्होंने कहा कि छात्र सकारात्मक सोच रखें।



## बंजर भूमि पर हो रहा अवैध खनन, ट्रैक्टर-ट्राली सीज

**बाराबंकी, अमृत विचारः** थाना जहांगीराबाद क्षेत्र में लेखपाल की छापेमारी में सरकारी भूमि पर अवैध मिट्टी खनन होता मिला। इस दौरान खनन में जुटे वाहन लेकर चालक भागने लगे तो एक मिट्टी ट्रैक्टर ट्राली रफ्तार में पलट गई ली गई जबकि दो वाहन फरार हो गए। पुलिस ने एक वाहन कब्जे में लेकर मामला दर्ज किया है। 19 फरवरी को सुबह लेखपाल ने ग्राम चचेरुवा में गाटा संख्या 898 का स्थलीय निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान तीन ट्रैक्टर-ट्राली द्वारा मिट्टी खनन करते पाया गया। इस दौरान दो ट्रैक्टर-ट्राली फरार हो गए, जबकि एक ट्राली नहर पटरी के पास मिट्टी लदी अवस्था में पलटी हुई मिली। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और लेखपाल की उपस्थिति में पलटी ट्राली को सीधा कर थाना लाया गया। जांच में बरामद ट्राली शेरा पुत्र प्रकाश निवासी मदारपुर मजरे चचेरुवा की बताई गई, जबकि एक अन्य फरार ट्राली अभिषेक पुत्र अजात निवासी बल्ला मजरे अजगना की बताई गई है।



पुलिस की गिरफ्त में तस्कर। अमृत विचार

## एक क्विंटल गांजा के साथ तीन तस्कर दबोचे

**बाराबंकी, अमृत विचार :** एएनटीएफ थाना बाराबंकी की टीम ने मादक पदार्थ की तस्करी के खिलाफ कार्रवाई करते हुए तीन तस्करों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उनके कब्जे से 108.410 किग्रा गांजा, एक स्कॉर्पियो कार, दो एंड्रॉयड मोबाइल, एक एप्पल आईफोन और 5,500 रुपये नकद बरामद किए हैं। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान सर्वेश जायसवाल निवासी डलमऊ, प्रिंस यादव निवासी पनवारी व अंकित सिंह निवासी भागीपुर थाना ऊंचाहार के रूप में हुई है। थाना ऊंचाहार ने केस दर्ज किया है। आरोपियों ने बताया कि वे इलाहाबाद निवासी एक व्यक्ति से गांजा थोक में खरीदकर छोटे ग्राहकों को फुटकर में ऊंचे दाम पर बेचते थे। कार्रवाई में एएनटीएफ की टीम के साथ थाना ऊंचाहार पुलिस ने भी सहयोग किया। पुलिस का कहना है कि मादक पदार्थों की तस्करी के खिलाफ अभियान आगे भी जारी रहेगा।

# राहुल मिस्टर, नैंसी बनीं मिस अनुभूति



ट्राफी देते कुलपति कर्नल डॉ. विजय कुमार तिवारी। अमृत विचार

**बाराबंकी, अमृत विचारः** श्री रामस्वरूप मेमोरियल विश्वविद्यालय (एसआरएमयू) और श्री रामस्वरूप मेमोरियल कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एंड मैनेजमेंट (एसआरएमसीईएम) द्वारा आयोजित तीन दिवसीय सांस्कृतिक महोत्सव अनुभूति एवं अभिव्यक्ति-2026 के दूसरे दिन परिसर सांस्कृतिक रंगों से सराबोर रहा। मुख्य आकर्षण मॉक वेडिंग, एसआरएमसीईएम का नाटक और मिस्टर एवं मिस अनुभूति प्रतियोगिता रही। इस वर्ष मिस्टर अनुभूति का खिताब राहुल यादव ने और मिस अनुभूति का खिताब नैंसी सिंह ने अपने नाम किया, जबकि हर्ष दुबे और श्रेयल त्रिपाठी उपविजेता रहे। कार्यक्रम में विवि के चांसलर इं. पंकज अग्रवाल, प्रो-चांसलर इं. पूजा अग्रवाल, कुलपति कर्नल (डॉ.) विजय कुमार तिवारी, शैक्षणिक सलाहकार आरुषी अग्रवाल, फेस्ट इंचार्ज डॉ. वीना सिंह, प्रो. अकांक्षा निगम एवं प्रो. नीरजा जिंदल उपस्थित रहे। ऑन स्टेज स्पर्धाओं के अलावा डुएट सिंगिंग, स्टेज प्ले, ग्रुप डांस, सोलो सिंगिंग और ऑफ स्टेज प्रतियोगिताओं जैसे स्नैपशॉट, टैटू मेकिंग, रंगोली मेकिंग व अंडरग्राउंड बैटल आयोजित किए गए। खेलों में बास्केटबॉल पुरुष वर्ग में सिटी लॉ कॉलेज, महिला वर्ग में एमिटी, वॉलीबॉल पुरुष में क्रिश्चियन कॉलेज, महिला वर्ग में एमिटी यूनिवर्सिटी, कबड्डी पुरुष में लखनऊ यूनिवर्सिटी और महिला में बीबीडी विजेता रही। टग ऑफ वॉर में इंटीग्रल यूनिवर्सिटी ने दोनों वर्गों में बाजी मारी, जबकि कैरम और शतरंज में एसआरएमयू विजेता रही। कुलपति कर्नल (डॉ.) विजय कुमार तिवारी और फेस्ट इंचार्ज डॉ. वीना सिंह ने विजेताओं को मेडल और शील्ड देकर सम्मानित किया।

## विवाह समारोह में हुई हर्ष फायरिंग, अधेड़ घायल

**बाराबंकी, अमृत विचारः** सतरिख थाना क्षेत्र के एक गांव में वैवाहिक समारोह के दौरान की गई हर्ष फायरिंग में गोली एक अधेड़ व्यक्ति को जा लगी। एक ओर समारोह में हड़कंप मच गया तो दूसरी ओर घायल को जिला अस्पताल से लखनऊ रेफर कर दिया गया। जहां उसकी हालत नाजुक बताई जा रही है। जानकारी के अनुसार क्षेत्र के ग्राम सहेलिया में रहने वाले अवधराम यादव के घर बेटी की शादी को लेकर बारात आई थी। वहीं गुरुवार को ही उनके पुत्र का तिलक कार्यक्रम भी चल रहा था। इस आयोजन में शामिल होने जहांगीराबाद थाना क्षेत्र के ग्राम पलिया मसूदपुर निवासी सुनील यादव 40 भी गए थे। घर से कुछ ही दूरी पर मेहमानों के लिए भोजन का इंतजाम किया गया था। बताया जा रहा कि देर रात भोजन के दौरान हर्ष फायरिंग शुरु हो गई, इस दौरान एक गोली सुनील यादव को जा लगी। सीने के ऊपरी हिस्से में गोली लगते ही सुनील जमीन पर गिर पड़ा और यह देख आयोजन में हड़कंप मच गया।

## मतदाता नामांकन को लेकर हुई समीक्षा बैठक

**बाराबंकी, अमृत विचार :** जिलाधिकारी एवं जिला निर्वाचन अधिकारी की अध्यक्षता में शुक्रवार को कलेक्ट्रेट स्थित लोकसभागार में विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों की निर्वाचक नामावलियों के विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण की बैठक आयोजित की गई। बैठक में नो मैपिंग और लॉजिकल एरर की सुनवाई, नए और छूटे हुए मतदाताओं के फार्म-6 की प्राप्ति की समीक्षा की गई। डीएम ने निर्देश दिए कि सुनवाई 28 फरवरी तक पूरी की जाए और नामांकन के लिए आवेदन 6 मार्च तक जमा किए जा सकेंगे। 22 फरवरी को विशेष अभियान के तहत बीएलओ और अन्य स्थानीय कर्मचारी बूथों पर उपस्थित रहकर अधिक से अधिक नए और छूटे हुए मतदाताओं के फार्म-6 एकत्र करेंगे। जिला स्तरीय अधिकारी इस अभियान की निगरानी करेंगे और संबंधित निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों के साथ समन्वय करेंगे।

## रिक्रूट आरक्षियों को बेहतर प्रशिक्षण देने के निर्देश

**बाराबंकी, अमृत विचारः** पुलिस अधीक्षक ने शुक्रवार को साप्ताहिक परेड की सलामी लेने के पश्चात परेड का निरीक्षण कर दिशा-निर्देश दिए। एसपी अर्पित विजयवर्गीय द्वारा रिजर्व पुलिस लाइन्स स्थित परेड ग्राउण्ड में शुक्रवार की परेड की सलामी ली गई, तत्पश्चात परेड में उपस्थित समस्त पुलिसकर्मियों को शारीरिक व मानसिक रुप से फिट रहने हेतु दौड़ कराई गयी व पुलिसकर्मियों का टर्न आउट चेक करते हुए अनुशासन व एकरूपता बनाए रखने हेतु ड्रिल की कार्यवाही कराई गयी। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक ने रिक्रूट आरक्षियों की परेड, अनुशासन एवं शारीरिक क्षमता की भी समीक्षा की तथा उन्हें बेहतर प्रशिक्षण के लिए दिशा-निर्देश दिए। एसपी द्वारा यूपी 112 पीआरवी वाहनों का निरीक्षण कर संबंधित पीआरवी के मानक के अनुसार समस्त उपकरणों को अपने पास रखने व उनके सुव्यवस्थित रखरखाव व साफ सफाई हेतु निर्देशित किया गया। इस दौरान क्षेत्राधिकारी नगर संगम कुमार, प्रतिसार निरीक्षक राजेश कुमार आदि अधिकारी, कर्मचारी उपस्थित रहे।

## चलती बस से गिरा युवक रौंदते हुए आगे निकली

**रामनगर, बाराबंकीः** थाना क्षेत्र में हाईवे पर एक दर्दनाक सड़क हादसे में अज्ञात युवक की मौत हो गई। घटना रिलायंस पेट्रोल पंप के पास उस समय हुई, जब लखनऊ की ओर जा रही एक अज्ञात बस से युवक संदिग्ध परिस्थितियों में नीचे गिर पड़ा। गिरते ही बस उसे रौंदते हुए मौके से फरार हो गई। हादसे के बाद हाईवे पर अफरा-तफरी मच गई और लंबा जाम लग गया। इधर, सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को सड़क किनारे हटवाकर यातायात सुचारु कराया। आवश्यक कानूनी कार्रवाई करते हुए शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया गया है। मृतक की शिनाख्त अब तक नहीं हो सकी है। वह काली लोवर और बनियान पहने हुए था। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार युवक लखनऊ की ओर जा रही बस से गिरा था और बस चालक बिना रुके मौके से भाग गया। पुलिस मामले की जांच में जुटी है और बस की पहचान करने का प्रयास किया जा रहा है।

## ई-रिक्शा सवार शिक्षिका से सोने की चेन उड़ाई

**बाराबंकी, अमृत विचार :** शहर में परीक्षा करवाकर घर जा रही निजी स्कूल की शिक्षिका के साथ दिनदहाड़े टप्पेबाजी हो गई, ई रिक्शा सवार दो महिलाएं उसकी सोने की चेन लेकर गायब हो गईं। पीड़िता ने घटना की शिकायत पुलिस से की है। जानकारी के अनुसार यह घटना शहर कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत बस अड्डे के पास दोपहर में हुई। लखपेड़ाबाग की रहने वाली अलका श्रीवास्तव 62 शहर के सेंट एंथोनी स्कूल में शिक्षिका हैं। शुक्रवार को वह सीबीएसई की बोर्ड परीक्षा पूरी करवाने के बाद घर के लिए निकलीं। ई रिक्शा सवार महिला अपने घर जा ही रही थी कि बस अड्डे के पास साड़ी पहने दो महिलाएं जबरन उनके अगल-बगल बैठ गईं। सीएमओ कार्यालय के निकट ऑटो रुकवाकर समय पूछा और फिर दोनों महिलाएं उतरकर चली गईं। ऑटो आगे बढ़ने पर शिक्षिका ने पाया कि उनके गले से सोने की चैन गायब थी।

# शिक्षामित्रों व अनुदेशकों को मिलेगी बड़ी राहत

**बाराबंकी, अमृत विचारः** योगी आदित्यनाथ द्वारा विधानसभा में की गई घोषणा के अनुसार 1 अप्रैल 2026 से शिक्षामित्रों और अनुदेशकों के मानदेय में वृद्धि की जाएगी। सरकार ने शिक्षामित्रों का मानदेय 10,000 रुपये से बढ़ाकर 18,000 रुपये प्रति माह तथा अनुदेशकों का मानदेय 9,000 रुपये से बढ़ाकर 17,000 रुपये प्रति माह करने का निर्णय लिया है। इस फैसले का उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के जिला अध्यक्ष अभिषेक सिंह ने स्वागत किया है। उन्होंने कहा कि पहली बार सरकार ने मानदेय में एक साथ 8,000 रुपये की बढ़ोतरी की है, जो सराहनीय कदम है। महंगाई के इस दौर में शिक्षामित्रों और अनुदेशकों को इससे बड़ी राहत मिलेगी। उन्होंने कहा कि संगठन की मांग इससे अधिक थी, लेकिन वर्तमान परिस्थितियों को देखते हुए यह बढ़ोतरी भी महत्वपूर्ण है। सरकार ने लंबे समय से चली आ रही मांग को स्वीकार कर शिक्षा परिवार की भावनाओं का सम्मान किया है। अभिषेक सिंह ने मुख्यमंत्री का हृदय से आभार व्यक्त किया।



अभिषेक सिंह।

## लाखों का तेल सीज, दूषित मिठाई कराई नष्ट



कार्रवाई करती टीम। अमृत विचार

**बाराबंकी, अमृत विचार :** खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग की टीम ने शुक्रवार को होली के दृष्टिगत ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में छापेमारी की। टीम ने 12 निरीक्षण किए और 6 नमूने संग्रहित किए। फतेहपुर तहसील स्थित सोना गोल्ड प्राइवेट लिमि. से मिलावट की आशंका वाले 16 लाख का सरसों तेल और 400 किलो एक्सपायर्ड तेल सीज किया। रामसनेहीघाट के विष्णु ट्रेडर्स से पाम आयल का नमूना लिया गया और 400 लीटर तेल सीज किया गया। वहीं भिटरिया रामसनेहीघाट में रामनगर के गांव सुनकर से 200 किलो दूषित मिठाई नष्ट कराई गई। श्री राम स्वीट त्रिलोकपुर और बालाजी डेयरी से दूध एवं पनीर के नमूने संग्रहित किए गए। कार्रवाई में मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी और जिले के सभी खाद्य सुरक्षा अधिकारी शामिल रहे। सहायक आयुक्त खाद्य द्वितीय डा. शैलेन्द्र प्रताप सिंह ने बताया कि होली को देखते हुए विभाग की छापेमारी जारी रहेगी।

## परीक्षा देने गई इंटर की छात्रा लापता

**मसौली, बाराबंकी :** थाना क्षेत्र में इंटरमीडिएट की परीक्षा देने गई 16 वर्षीय छात्रा संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गई। परिजनों ने बहला फुसलाकर भगा ले जाने का मामला दर्ज कराया है। जानकारी के अनुसार जहांगीराबाद थाना क्षेत्र के रहने वाले एक व्यक्ति ने पुलिस को बताया कि वह अपनी 16 वर्षीय पुत्री गत 18 फरवरी को एक इंटर कालेज इंटरमीडिएट की परीक्षा दिलाने लेकर गए थे। दोपहर करीब 1 बजे वह उसे परीक्षा केंद्र के गेट पर छोड़कर घर लौट आए। बाद में विद्यालय प्रशासन की ओर से सूचना मिली कि उनकी पुत्री परीक्षा में अनुपस्थित पाई गई है। सूचना मिलते ही परिजनों में हड़कंप मच गया। परिजनों ने गांव के ही शुभम पुत्र दिलीप रावत के घर पहुंचकर जानकारी की, लेकिन वह भी घर पर नहीं मिला। पीड़ित पिता ने आशंका जताई है कि उक्त युवक उनकी नाबालिग पुत्री को बहला-फुसलाकर भगा ले गया है। पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है।

## व्यावसायिक वाहन स्वामियों को टैक्स में राहत



परिवहन मेले में सुनवाई करतीं एआरटीओ। अमृत विचार

**बाराबंकी, अमृत विचार :** उप सम्भागीय परिवहन कार्यालय सभागार में शासन की वन टाइम टैक्स सेटलमेंट योजना के तहत दो दिवसीय परिवहन मेला का आयोजन किया गया। एआरटीओ प्रशासन अंकिता शुक्ला की अध्यक्षता में आयोजित मेले में लगभग 40 वाहन स्वामियों ने भाग लिया। मौके पर पांच वाहन स्वामियों ने कर भुगतान कर योजना का लाभ उठाया। एआरटीओ ने वाहन स्वामियों को टैक्स की गणना, पंजीकरण, परमिट और लाइसेंस संबंधी जानकारी दी। मेले का उद्देश्य व्यावसायिक वाहनों के लिए नई एकमुश्त कर व्यवस्था की जानकारी देना और बार-बार कर जमा करने की प्रक्रिया से वाहन स्वामियों को राहत देना बताया गया। इस अवसर पर यात्री मालकर अधिकारी रवि चन्द्र त्यागी और सम्भागीय निरीक्षक प्राविधिक बलवंत सिंह यादव भी मौजूद रहे।

## शांतिपूर्ण तरीके से होली मनाने की अपील



बैठक करते थाना प्रभारी। अमृत विचार

**मसौली, बाराबंकी :** पंचायत घर में थाना प्रभारी अजय प्रकाश त्रिपाठी की अध्यक्षता में शांति समिति की बैठक हुई। बैठक का उद्देश्य रमजान और होली के त्योहार को सौहार्दपूर्ण माहौल में मनाना था। थाना प्रभारी ने कहा कि त्योहार भाईचारे का प्रतीक है। उन्होंने सोशल मीडिया पर भ्रामक पोस्ट करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की चेतावनी दी और पुराने स्थान पर ही होलिका दहन करने पर जोर दिया। चौकी प्रभारी अभय गुप्ता ने अफवाहों से बचने और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की तुरंत सूचना पुलिस को देने की अपील की।

## दूसरे दिन बाराबंकी टीम का रहा दबदबा



पावर लिफ्टिंग करते प्रतियोगी। अमृत विचार

**बाराबंकी, अमृत विचार :** रिजर्व पुलिस लाइंस में चल रही लखनऊ जोन की तीन दिवसीय अन्तर्जनपदीय भारोत्तोलन क्लस्टर प्रतियोगिता के दूसरे दिन बाराबंकी का दबदबा रहा। भारोत्तोलन, योग व पॉवरलिफ्टिंग की तीन दिवसीय प्रतियोगिता-2026 का शुभारम्भ गुरुवार को हुआ था। प्रतियोगिता में लखनऊ जोन के जनपदों की टीमों ने प्रतिभाग किया। प्रतियोगिता के दूसरे दिन के परिणाम में योग (महिला) में अम्बेडकरनगर की टीम ने प्रथम स्थान तो सुलतानपुर जनपद ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। योग (पुरुष) में बाराबंकी को प्रथम स्थान तो सुलतानपुर को द्वितीय स्थान प्राप्त हुआ। इसी तरह पावरलिफ्टिंग (पुरुष) में भी बाराबंकी प्रथम स्थान पर तो हरदोई द्वितीय स्थान पर रहा।

## बीएसएफ कमांडेंट को नम आंखों से दी विदाई

**रामसनेहीघाट, बाराबंकी :** तहसील क्षेत्र के संतोषीकपुरवा गांव ने शुक्रवार को अपने वीर सपूत, बीएसएफ कमांडेंट सर्वेश कुमार तिवारी को नम आंखों से अंतिम विदाई दी। दरअसल उनकी तैनाती बहरामपुर में बांग्लादेश बॉर्डर पर थी। करीब 40 दिन पूर्व अचानक तबीयत बिगड़ने पर उनका प्रारंभिक उपचार कोलकाता के विभागीय अस्पताल में कराया गया। हालत में सुधार न होने पर उन्हें लखनऊ स्थित एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां करीब 15 दिनों तक इलाज के दौरान उनका निधन हो गया। पार्थिव शरीर गांव पहुंचने पर अंतिम दर्शन के लिए जनसैलाब उमड़ पड़ा। बीएसएफ के जवानों ने पूरे सैन्य सम्मान के साथ गार्ड ऑफ ऑनर दिया। तिरंगे में लिपटे पार्थिव शरीर को सलामी दी गई और राष्ट्रगान के बीच अंतिम संस्कार संपन्न हुआ।

## चौपाल में शिकायतों का हुआ निस्तारण

**मसौली, बाराबंकी :** ग्रापं नैनामऊ व जलालपुर में प्रभारी एडीओ पंचायत संजीव कुमार सिंह व जेई आरईडी प्रमोद कुमार गौतम की अध्यक्षता में चौपाल आयोजित हुई। चौपाल में ग्रामीणों की समस्याएं सुनकर उनका निस्तारण किया गया। नैनामऊ में वारिस अली ने पेंशन, वाजिद अली व जलालुद्दीन ने परिवार रजिस्टर की नकल तथा रूवी देवी ने राशन कार्ड के लिए प्रार्थना पत्र दिया। सचिव रामप्रकाश वर्मा ने सभी प्रार्थना पत्रों का निस्तारण किया। ग्राम पंचायत जलालपुर में बाबूलाल ने परिवार रजिस्टर की नकल और नानकराम ने फार्मर आईडी के लिए आवेदन किया। मौके पर मौजूद सचिव उत्तम वर्मा ने दोनों शिकायतों का समाधान कराया।

## न्यूज ब्रीफ

### गांजा तस्कर दंपति चढ़े पुलिस के हत्थे

**बांगरमऊ उन्नाव, अमृत विचार।** बेहटा मुजावर पुलिस ने मादक पदार्थ की तस्करी करने वाले दंपति को चेकिंग के दौरान पकड़ लिया। उनके पास 5 किलो से अधिक गांजा मिला है। इस पर एनडीपीएस एक्ट की कार्रवाई कर पुलिस ने दोनों को जेल भेज दिया। बेहटा मुजावर थाने के दरोगा मो. असलम खां फोर्स के साथ शुक्रवार को संडीला रोड स्थित आगरा-लखनऊ एक्सप्रेस-वे के अंडरपास पर वाहन चेकिंग कर रहे थे। तभी मुखबिर की सूचना पर थानाक्षेत्र के कबीरपुर निवासी भूरा व उसकी पत्नी राधा को रोककर तलाशी ली गई तो उनके पास मिले झोले से 5 किलो 190 ग्राम गांजा मिला। पूछताछ में दोनों ने गांजा बिक्री की बात स्वीकार की। एसओ मुन्ना कुमार ने बताया कि दंपति पर एनडीपीएस एक्ट की रिपोर्ट दर्ज कर दोनों को कोर्ट में पेश किया गया। जहां से उन्हें जेल भेजा गया।।

### मंडल स्तरीय जूडो ट्रायल में हरदोई की बेटियों का दबदबा

**हरदोई, अमृत विचार।** जिला क्रीड़ा अधिकारी ने बताया कि शुक्रवार को लखनऊ में आयोजित मंडल सब-जूनियर जूडो प्रतियोगिता के ट्रायल में जनपद हरदोई के खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। शानदार प्रदर्शन के आधार पर जनपद की मानसी कुमारी, अध्यांशी कुमारी एवं पायल का चयन आगामी राज्य स्तरीय सब-जूनियर जूडो प्रतियोगिता के लिए हो गया है। यह राज्य स्तरीय प्रतियोगिता 25 से 27 फरवरी तक लखनऊ में आयोजित की जाएगी। जनपद के खेल प्रेमियों में इस उपलब्धि से हर्ष का माहौल है।

# बुजुर्ग मां का शव घर में छोड़ दो नशेड़ी बेटे फरार

## जमीन न बेचने पर गला घोंटकर हत्या किए जाने की आशंका

संवाददाता, हरदोई

**अमृत विचार।** 80 साल की बुज़ुर्ग मां का शव घर में छोड़कर उसके दोनों नशेड़ी बेटे फरार हो गए। पड़ोसियों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्ज़े में लेते हुए जांच शुरु कर दी। अटकलें लगाई जा रहीं हैं कि जबरन जमीन बेंचने का दबाव न मानने पर बेटों ने गला घोंट कर हत्या की, लेकिन पुलिस ने कोई ज़ाहिरा चोट न होने की दलील देकर सामान्य मौत की बात कही है।

कोतवाली शहर के लालपालपुर निवासी भोला मिश्रा की काफी पहले मौत हो चुकी थी। उसकी 80 वर्षीय पत्नी रानी मिश्रा दो बेटों मुकेश व आशीष के साथ रह रही थी। शुक्रवार दिन में रानी मिश्रा की संदिग्ध हालत में मौत हो गई। काफी देर तक उसकी कोई आवाज़ न सुनाई देने पर उसका हाल जानने पहुंचे पड़ोसी ने शव पड़ा देखा। उसके दोनों बेटों वहां से गायब थे, जबकि कुछ देर पहले रानी मिश्रा के घर से चिल्लाने की आवाज़ सुनाई दे रही थी। बताते है कि मुकेश और आशीष दोनों नशे के आदी हैं। मुकेश की पत्नी और दो बेटों व एक बेटा है, नशे की आदत से परेशान उसकी पत्नी राखी अपने बच्चों के साथ मायके पचकोहरा चली गई। गांव वालों ने बताया कि नशे की लत के चलते मुकेश और आशीष सारी ज़मीन पहले ही बेंच चुके थे। दो बीघा ज़मीन रानी मिश्रा के नाम थी, इस वजह से वह बच गई, लेकिन दोनों उस जमीन को बेंचने का दबाव बना रहे थे, उसी लिए आए दिन दोनों मां से झगड़ते रहते थे।

चौकी प्रभारी लालपालपुर सुनील कुमार का कहना है कि शव पर कोई ज़ाहिरा चोट नहीं थी। उन्होने बुज़ुर्गी में मौत होना बताई, लेकिन गांव में हर कोई हत्या की अटकलें लगाता रहा। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही सारी सच्चाई सामने आ जाएगी।

### दुर्घटना में मृतक की पत्नी ने रिपोर्ट दर्ज कराई

**शाहाबाद, हरदोई, अमृत विचार।** 16 दिसंबर को सड़क दुर्घटना में घायल ग्रामीण की इलाज के दौरान हुई मौत के मामले में उसकी पत्नी ने कोतवाली में आरोपी डाला चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। शाहाबाद कोतवाली के ग्राम गौहनिया निवासी श्रीदेवी पत्नी श्रीपाल के अनुसार 16 दिसंबर 2025 को उसका पति श्रीपाल भतीजे अवधेश के साथ बाइक से शाम को चार बजे शाहाबाद से घर वापस लौट रहे थे। पाली मार्ग पर तेज रफ्तार डाला लेकर आ रहे कप्तान पुत्र बाबू निवासी कुमहारन पुरवा मजरा गौहनिया ने जोरदार टक्कर मार दी जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए। घायल को तत्काल सीएचसी ले जाया गया। हालत चिंताजनक होने के कारण मेडिकल कॉलेज हरदोई रेफर किया गया। जहां 24 दिसंबर को इलाज के दौरान उसके पति श्रीपाल की मौत हो गई।

# सड़क दुर्घटना में युवक की मौत

संवाददाता, हरदोई,

**अमृत विचार।** बहन की शादी में मायके गई पत्नी का पति उसे विदा कराने ससुराल जा रहा था, उसी बीच कोतवाली देहात की गुलामऊ पुलिया के पास वह सड़क पार कर रहा था, उसी बीच वह बेकाबू रफ्तार की चपेट में आ गया, पुलिस ने उसे मेडिकल कालेज पहुंचाया, जहां उसकी मौत हो गई। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया और हादसे की जांच कर रही है।



रामखिलावन की फाइल फोटो।

लोनार थाने के रामपुर छैया निवासी 32 वर्षीय रामखिलावन उर्फ गुड्डू पुत्र परशुराम की ससुराल कोतवाली देहात के अटवा असिगांव में थी, उसकी पत्नी माधुरी अपनी बहन अर्चना की शादी में मायके गई हुई थी। 6 फरवरी को शादी होने के बाद माधुरी बच्चों के साथ मायके में ही थी। पत्नी को विदा कराने की बात कह कर रामखिलावन गुरुवार की शाम को घर से निकला, फिर उसका पता नहीं चला, इधर देर रात कोतवाली देहात पुलिस को गुलामऊ पुलिया पर हादसा होने की सूचना दी गई, पुलिस ने हादसे का शिकार हुए युवक को मेडिकल कालेज पहुंचा, उसकी जेब से आधार कार्ड और एक डायरी मिली, डायरी में लिखे मोबाइल नंबरों से बात करने पर पता चला कि युवक का नाम रामखिलावन उर्फ गुड्डू है, वह अपनी ससुराल जाने के लिए निकला था।

### ढाबा पर जा रहे युवक की कार से टकराकर मौत



**हरदोई, अमृत विचार।** युवक अपने साथियों के साथ बाइक से ढाबे पर खाना खाने के लिए लखनऊ-पलिया हाई-वे पर रुका और रास्ता पार कर रहा था। उसी बीच तेज़ रफ्तार कार ने उसे टक्कर मार दी, जिससे वह उछल कर काफी दूर जा गिरा, उसे 100 बेड हास्पिटल से मेडिकल कालेज पहुंचाया गया, जहां देर रात उसकी मौत हो गई। कोतवाली देहात के मदारा निवासी रन्नू (34) पुत्र राजाराम गुरुवार शाम को अपने साथी शांति सिंह, लालाराम व संतोष के साथ बाइक से लालपालपुर से कुछ दूर बढ़कर ढाबे पर खाना खाने जा रहा था। सड़क पार कर ढाबे पर जाते समय लखनऊ की तरफ से आ रही कार की टक्कर से वह उछल कर दूर जा गिरा, उसके साथी उसे 100 बेड हास्पिटल ले गए, जहां से उसे मेडिकल कालेज भेज दिया गया, वहां देर रात उसकी मौत हो गई। रन्नू की शादी हो चुकी थी, लेकिन करीब 6 साल पहले उसकी पत्नी आरती किसी दूसरे के साथ चली गई थी।

# वंदे भारत पर पथराव में दो किशोर पकड़े

**हरदोई, अमृत विचार।** वाराणसी से मेरठ जा रही 22489 वंदे भारत एक्सप्रेस पर हुए पथराव प्रकरण में पुलिस ने दो बाल अपचारियों को हिरासत में लिया है।

यह घटना गुरुवार को चांदमारी कौढ़ा स्टेशन के बीच हुई थी। ट्रेन पर पत्थर फेंके जाने की सूचना मिलते ही रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ), राजकीय रेलवे पुलिस (जीआरपी) और देहात कोतवाली पुलिस सक्रिय हो गई थी। उस समय राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रमुख मोहन भागवत भी इसी ट्रेन से यात्रा कर रहे थे, जिसके चलते मामले को गंभीरता से लिया गया। घटना के बाद संबंधित धाराओं में हरदोई में मुकदमा दर्ज किया गया। जांच के दौरान पुलिस ने आसपास के लोगों से पूछताछ की और घटनास्थल के आसपास की जानकारी जुटाई। इसी क्रम में दो नाबालिगों के नाम प्रकाश में आए। शुक्रवार को देहात कोतवाली पुलिस ने दोनों को हिरासत में लिया। उनकी उम्र करीब 12 से 13 वर्ष बताई जा रही है।

### अभिभावकों को भी जागरूक रहने की सलाह

**हरदोई।** क्षेत्राधिकारी सदर अंकित मिश्रा ने बताया कि जांच के आधार पर दोनों बाल अपचारियों को पकड़ा गया है। प्रकरण में रेलवे सुरक्षा बल, हरदोई में भी अभियोग पंजीकृत है और आवश्यक कानूनी प्रक्रिया अपनाई जा रही है। चूंकि आरोपी नाबालिग हैं, इसलिए उनके परिजनों को बुलाकर काउंसलिंग की जा रही है, ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि रेलवे संपत्ति और यात्रियों की सुरक्षा से जुड़े मामलों में किसी प्रकार की ढिलाई नहीं बरती जाएगी। साथ ही बच्चों और अभिभावकों को भी जागरूक रहने की सलाह दी गई है, ताकि शरारत या अज्ञानतावश की गई किसी हरकत से बड़ी दुर्घटना न हो। मामले में विधिक कार्रवाई की प्रक्रिया जारी है।

### बिना पंजीयन के संचालित अस्पताल को एसीएमओ ने कराया बंद

**सफीपुर उन्नाव, अमृत विचार।** कस्बे में बिना पंजीकरण संचालित हो रहे अरुण हॉस्पिटल एंड ट्रामा सेंटर पर शुक्रवार को एसीएमओ डॉ. नरेंद्र सिंह ने औचक निरीक्षण किया। जांच में अस्पताल में न तो चिकित्सक मिले और न ही जरूरी पंजीकरण से जुड़े अभिलेख उपलब्ध कराए जा सके। एसीएमओ ने हॉस्पिटल बंद कराकर दोबारा खुला मिलने पर रिपोर्ट दर्ज कराने की चेतावनी दी। निरीक्षण के समय रिसेप्शन पर मौजूद दो युवतियों से जब चिकित्सक व प्रशिक्षित स्टाफ के बारे में पूछा गया तो वे संतोषजनक जवाब नहीं दे सकीं। इसके बाद मौजूद स्टाफ से अस्पताल के पंजीकरण व अन्य जरूरी दस्तावेज मांगे गए। लेकिन कोई भी अभिलेख प्रस्तुत नहीं किया जा सका। एसीएमओ ने बताया कि अस्पताल में चिकित्सक, प्रशिक्षित स्टाफ व पंजीकरण से संबंधित जरूरी दस्तावेज नहीं पाए गए। नियमों का उल्लंघन पाए जाने पर अस्पताल को तत्काल बंद करा दिया गया है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि अस्पताल दोबारा बिना पंजीकरण संचालित होता मिला तो संबंधित के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

### श्रीकृष्ण के दिव्य प्रसंगों का कराया रसपान

**सफीपुर उन्नाव, अमृत विचार।** क्षेत्र के सुख्खाखेड़ा गांव में चल रही श्रीमद्भागवत कथा के अंतिम दिन भक्तों की भारी भीड़ उमड़ी। कथा व्यास विनोद तिवारी ने भगवान श्रीकृष्ण के दिव्य प्रसंगों को भावपूर्ण ढंग से रसपान कराया। कथा व्यास ने श्रीकृष्ण लीला के अंतर्गत अक्रूर द्वारा श्रीकृष्ण को मथुरा ले जाने के प्रसंग का भावपूर्ण वर्णन किया। उन्होंने बताया कि जब अक्रूर जी श्रीकृष्ण को लेने वृंदावन पहुंचे तब यह प्रसंग भक्तों के लिए अत्यंत मार्मिक रहा। कहा कि भगवान श्रीकृष्ण के दिव्य अंगों की उपमा कमल के फूल से दी जाती है क्योंकि कमल अलौकिक, पवित्र व सौंदर्य का प्रतीक माना जाता है। बताया कि जैसे ही गोपियों को यह ज्ञात हुआ कि श्रीकृष्ण वृंदावन छोड़ मथुरा जाने वाले हैं वे व्याकुल हो उठीं और अक्रूर जी को घेरकर अपने भाव व्यक्त किए। कथा व्यास ने अतिथियों को पटका भेंटकर सम्मानित किया। अंतिम दिन श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी।


**साईं लॉ कालेज, बेलहरा रोड, फतेहपुर बाराबंकी।**

**आवश्यकता है**

एल0एल0बी0 (त्रिवर्षीय एवं पंचवर्षीय पाठ्यक्रम हेत)
प्राचार्य पद–01–योग्यता–एल0एल0एम0, पी–एच0डी0 एवं 15 वर्ष का अनुभव।
विधि प्रवक्ता पद–एल–एल0बी0 त्रिवर्षीय पाठ्यक्रम 23 प्रवक्ता पद हेतु।
विधि प्रवक्ता पद–एल–एल0बी0 पंचवर्षीय पाठ्यक्रम 12 प्रवक्ता पद हेतु।
**विषय प्रवक्ता पद –**
1– इतिहास प्रवक्ता पद–02, 2– अंग्रेजी प्रवक्ता पद–02, 3– अर्थशास्त्र प्रवक्ता पद–02, 4– राजनीतिशास्त्र प्रवक्ता पद–02, 5– समाजशास्त्र प्रवक्ता पद–02, 6– मनोविज्ञान प्रवक्ता पद–02।
**योग्यता एवं वेतन** – यू0जी0सी0 के मानकानुसार,
इच्छुक अभ्यर्थी विज्ञापन के 15 दिनों के अन्दर महाविद्यालय कार्यालय में अथवा ई–मेल के माध्यम से आवेदन करें।
**सम्पर्क सूत्र** – 8795812276, 8795842276, 9415051509
Email Id- sailawcollegeftpbbk@gmail.com


# मेगा विधिक साक्षरता शिविर 22 को

संवाददाता, हरदोई

**अमृत विचार।** राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देश पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वावधान में रविवार को वृहद विधिक साक्षरता एवं मेगा शिविर का आयोजन किया जाएगा। यह शिविर शहर के (घंटाघर) विक्टोरिया हाल में आयोजित होगा। इस मेगा शिविर की सफलता के लिए तैयारियों को लेकर जिला प्रशासन और विधिक सेवा प्राधिकरण ने युद्धस्तर पर प्रयास तेज कर दिए हैं।



जानकारी देतीं सचिव, मौजूद सीजेएम। अमृत विचार

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सचिव काव्या सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि शिविर का मुख्य उद्देश्य आम जनता को उनके कानूनी अधिकारों के प्रति जागरूक करना और सरकार द्वारा संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ सीधे पात्र लोगों तक पहुंचाना है। शिविर में ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों के नागरिकों को मुफ्त कानूनी सलाह, सरकारी योजनाओं की जानकारी और पात्र लाभार्थियों को योजनाओं से जोड़ने की सुविधा दी जाएगी। कहा कि विधिक साक्षरता शिविर आम नागरिकों के लिए बेहद उपयोगी सिद्ध होते हैं, क्योंकि इससे उन्हें अपने अधिकारों की जानकारी मिलती है और सरकारी योजनाओं का लाभ लेने की प्रक्रिया भी सरल होती है।

# सड़क हादसे में 12 घायल, 8 रेफर

**सफीपुर उन्नाव, अमृत विचार।** आसीवन थानाक्षेत्र के मुंडा गांव के पास शुक्रवार शाम एक खड़ी कार से दूसरी कार सामने से टकरा गई। इसमें दोनों में सवार तीन महिलाओं सहित 12 लोग घायल हो गये। इसमें 8 लोगों को सफीपुर सीएचसी से जिला अस्पताल भेजा गया। लखनऊ निवासी सचिन (30) पुत्र राजू शुक्रवार को भाई जतिन (22), पत्नी रामवती (26) व लखनऊ के रिश्तेदार रामजानकी (27) पत्नी बबलू, माही (21) पुत्री राजकिशोर व सूर्यांश (22) पुत्र सूरज, अरुण (20) पुत्र सुखवीर के साथ कोतवाली सफीपुर के सलीद गांव निवासी प्रधान दिनेश यादव के बेटे की शादी में शामिल होने आए थे। वह कार से किसी रिश्तेदार को लेने शारदा नहर पटरी से आसीवन क्षेत्र के मुंडा गांव जा रहे थे। तभी गांव के पास उनकी एक खड़ी कार से टकरा गई। इसमें दूसरी कार सवार आसीवन थानाक्षेत्र के गांव मुन्नाखेड़ा निवासी जगमोहन (45) पुत्र रामशंकर, अजय (35) पुत्र जंगू, लवकुश (24) पुत्र रामसिंह, श्रिया (9) पुत्री संजीव घायल हो गये। उन्हें एंबुलेंस से सफीपुर सीएचसी लाया गया। जहां से जगमोहन, अजय, माही, सूर्यांश, सचिन, जतिन, रामजानकी व रामवती को जिला अस्पताल रेफर किया गया।


**कार्यालय ग्राम पंचायत-निजामपुर वि0ख0 रामनगर जिला बाराबंकी**

**पत्रांक मेमो/निविदा/वित्तीय वर्ष –2025–26 दिनांक – 20–02–2026**

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत निजामपुर में राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान योजना/केंद्रीय व राज्यवित्त /मनरेगा के अंतर्गत पंचायत भवन निर्माण कार्य व इंटरलाकिंग /नाली निर्माण कार्य हेतु प्रयुक्त होने वाली सामग्री सीमेंट बालू मौरंग, ईट गिट्टी, अव्वल ईटा, इंटरलाकिंग ईट, सरिया फर्नीचर आदि निर्माण सामग्री की आवश्यकता है। इच्छुक फर्म धारकों से निविदा आमंत्रित की जाती है। यह निविदा ग्राम पंचायत कार्यालय में 27/02/ 2026 को दोपहर 2: 00 बजे तक डाली जाएगी उसी दिन दोपहर 3: 00 बजे टेंडर ओपन कमेटी द्वारा खोला जाएगा। जिस फर्म की निविदा सबसे न्यूनतम होगी उस फर्म की निविदा स्वीकार करते हुए अन्य फर्मो की निविदा अस्वीकार कर दी जाएगी।

**ग्राम प्रधान**
**ग्राम पंचायत निजामपुर**
**विकासखंड रामनगर**
**बाराबंकी**

**सचिव**
**ग्राम पंचायत निजामपुर**
**विकासखंड रामनगर**
**बाराबंकी**


# सड़क बदहाल, राहगीर परेशान

**परियर उन्नाव, अमृत विचार।** विकासखंड सिकंदरपुर सरोसी क्षेत्र के सैदापुर गांव से सफीपुर-परियर मार्ग को जोड़ने वाली डामरीकृत रोड पूरी तरह उखड़ चुकी है। यह रोड करीब 15 साल पहले प्रधानमंत्री सड़क योजना के अंतर्गत बनी थी। अब इस सड़क का हाल जर्जर हो गया है। इस समय यह रोड क्षेत्रीय लोगों की सबसे बड़ी समस्या बनी हुई है। प्रदेश सरकार सभी सड़कों को गड्ढामुक्त बनाने का दावा करती है। किंतु इस सड़क में पता ही नहीं चलता कि गड्ढे में सड़क है या सड़क में गड्ढे हैं। गांव में सड़क की स्थिति बहुत ही दयनीय है। जिससे ग्रामीणों को आवागमन करने में मुसीबत का सामना करना पड़ रहा है। गांव के प्रेम सागर बाजपेई, सुखबीर निषाद, राकेश बाजपेई, राजकुमार, शुभम मिश्रा, रेनू, विनीता, सुशीला, रमाकांती, नन्हकी, सुरेश कुमार, रमेश निषाद, विद्या दुलारी, लाल सिंह, मेवालाल, रमेश, रामेश्वर, राजकुमार मिश्रा आदि ने बताया कि रास्ता खराब होने से आवागमन में बहुत दिक्कत होती है। जो रिश्तेदार आते हैं तो सड़क खराब की शिकायत करते हैं। एक्सईएन पीडब्ल्यूडी सुबोध कुमार ने बताया कि जल्द औपचारिकताएं पूरी कराकर सड़क सही कराई जाएगी।



सैदापुर गांव की क्षतिग्रत सड़क।

### अतिक्रमण व वाहन चालकों की मनमानी से लोग बेहाल

**बांगरमऊ उन्नाव, अमृत विचार।** नगर के प्रमुख मार्गों पर बढ़ते अतिक्रमण व आड़े-तिरछे खड़े टेंपो व ई-रिक्शा से यातायात व्यवस्था पूरी तरह चरमरा गई है। इससे पूरे दिन प्रमुख मार्गों पर जाम की स्थिति बनी रहती है। इससे छात्रों व नौकरी पर जाने वाले लोग परेशान होते हैं। यहां तक लोगों का पैदल चलना भी दूभर है। नगर के मुख्य मार्गों पर दुकानदार अपनी दुकानों के बाहर सड़क तक सामान फैलाकर अतिक्रमण किए हैं। वहीं बेखौफ टेंपो व ई-रिक्शा चालक सवारी के इंतजार में बीच सड़क व चौराहों के पास वाहन खड़ा कर देते हैं। इससे यातायात बाधित होता है। यह दृश्य रोज नगर के उन्नाव-हरदोई, लखनऊ व संडीला मार्ग पर देखने को मिलता है।

**प्रशिक्षण** | विद्यालय प्रबंध समिति के अध्यक्षों व सचिवों को मिला प्रशिक्षण

# सर्वांगीण विकास के लिए आपसी समन्वय अनिवार्य

**सफीपुर उन्नाव, अमृत विचार।** विकासखंड सभागार में प्राथमिक व उच्च प्राथमिक विद्यालयों की विद्यालय प्रबंध समिति के अध्यक्षों व सचिवों के लिए एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला आयोजित हुई। इसका मुख्य उद्देश्य शिक्षा व्यवस्था को पारदर्शी व गुणवत्ता पूर्ण बनाना था। कार्यशाला का शुभारंभ करते हुए खंड शिक्षाधिकारी अनीता शाह ने शासनादेशों की जानकारी दी। उन्होंने अध्यक्षों व सचिवों से कहा कि विद्यालय के सर्वांगीण विकास के लिए आपसी समन्वय अनिवार्य है। कहा कि सभी अपने दायित्वों का ईमानदारी से निर्वहन करें। ताकि सरकारी योजनाओं का लाभ सीधे बच्चों तक पहुंच सके। संचालन एआरपी पीयूष त्रिवेदी ने किया। मुख्य प्रशिक्षक के रूप में एआरपी रविकेश ने एसएमसी के गठन, संचालन और वित्तीय नियमों के बारे में बताया। इसमें उपाध्यक्ष प्राथमिक शिक्षक संघ सत्यप्रकाश द्विवेदी व ब्लॉक अध्यक्ष जूनियर शिक्षक संघ तौसीफ अली खान ने विद्यालय प्रबंधन की रूपरेखा पर प्रकाश डाला। अध्यक्ष राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ सूरज गुप्ता व संगठन मंत्री सुनील यादव ने शिक्षा की गुणवत्ता सुधारने में समिति के महत्व को रेखांकित किया। इस दौरान आशुतोष श्रीवास्तव, रामनरेश गौड़, नरेंद्र मौर्य, देवेंद्र कुशवाहा, ज्ञानेंद्र कुशवाहा, धर्मेंद्र कुशवाहा, अवनींद्र गौड़, विनय, मालती सिंह, रेखा कुशवाहा, गौरव वैश्य व अमरेंद्र यादव आदि शिक्षक व समिति के सदस्य रहे।



प्रबंध समिति की बैठक का शुभारंभ करतीं खंड शिक्षाधिकारी अनीता शाह।


कार्यालय अधिशासी अभियन्ता
प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0, बहराइच

पत्रांक : 605 /1ए–11 दिनांक 16.02.2026

अल्पकालीन ई–निविदा सूचना प्रकाशन

1. अधिशासी अभियन्ता, प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0, बहराइच द्वारा महामहिम राज्यपाल, उत्तर प्रदेश की ओर से उ0प्र0 लोक निर्माण विभाग में ए, बी, सी व डी श्रेणी (मार्ग कार्य) के पंजीकृत निविदादाताओं से ई–टेण्डरिंग के माध्यम से जनपद बहराइच के निम्न वर्णन के अनुसार कार्य की निविदा प्रतिशत दरो के आधार पर आमंत्रित की जाती है।

| क्र0 सं0 | जनपद | कार्य का नाम | निविदा की लागत (बिना जी0एस0टी0) (रू0 लाख में) | बिड सिक्योरिटी (रू0 लाख में) | निविदा शुल्क + स्टेशनरी शुल्क + जी.एस.टी. (रू0 में) | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| विधानसभा–मटेरा। (स्वीकृति की प्रत्याशा में) | | | | | | |
| 1 | बहराइच | जमलाजोत सं0मार्ग के नवीनीकरण का कार्य। | 7.20 | 0.72 | 856.00 | 02 माह |
| 2 | बहराइच | झिंगहा सं0मार्ग के नवीनीकरण का कार्य। | 12.90 | 1.29 | 945.00 | 02 माह |

2. ई–प्रोक्योरमेन्ट के माध्यम से निविदायें प्रकाशित होने की तिथि :– दिनांक 23–02–2026 से पूर्व।
3. अनुरक्षण की अवधि कार्य पूर्ण होने की तिथि से 02 वर्ष होगी।
4. दोष दायित्व अवधि 02 वर्ष है, जिसकी गणना कार्य पूर्णता तिथि से की जायेगी।
5. बिड डाक्यूमेन्ट की उपलब्धता एवं बिड–सबमिट करने का माध्यम–
(क) बिड डाक्यूमेन्ट आनलाइन दिनांक 23–02–2026 से 04–03–2026 तक उपलब्ध रहेगी, जो आनलाइन http://etender.up.nic.in पर ही सबमिट किया जायेगा।
(ख) निविदा डालने हेतु निविदादाता को उपरोक्त वेबसाइट पर पंजीकरण कराना अनिवार्य है। निविदायें आनलाइन डालने हेतु निविदादाता के पास किसी डिजिटेल सिग्नेचर सार्टिफिकेट सर्टिफाइंग अथोरिटी द्वारा जारी डिजिटेल सिग्नेचर सार्टिफिकेट होना अनिवार्य है।
(ग) ई–प्रोक्योरमेण्ट के माध्यम से निविदायें डालने की अन्तिम तिथि 04–03–2026 दोपहर 12.00 बजे तक एवं टेक्निकल क्वालिफिकेशन पार्ट–1 दिनांक 04–03–2026 अपराह्न 12.30 बजे से कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0, बहराइच में खोली जायेगी। विस्तृत विवरण http://etender.up.nic.in देखा जा सकता है।
(घ) तकनीकी निविदा खोलने की 03 कार्य दिवस बाद वित्तीय निविदा खोली जायेगी। त्रुटिपूर्ण/Non Qualitative अनावश्यक शिकायत पाये जाने पर निविदादाता के विरूद्व ब्लैकलिस्टिंग की कार्यवाही की जायेगी।

UP - 246575 दिनांक: 19/02/2026
विज्ञापन वेबसाइट www.up.gov.in पर उपलब्ध है।

सहायक अभियन्ता, प्रा0ख0, लो0नि0वि0, बहराइच
अधिशासी अभियन्ता, प्रा0ख0, लो0नि0वि0, बहराइच



**अमृत विचार क्लासीफाइड**
विज्ञापन हेतु अमृत विचार कार्यालय में सम्पर्क करें

**सूचना**
मैने अपना नाम PREM NARAIN से बदलकर PREM NARAIN PORWAL रख लिया अब से मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जाये। PREM NARAIN PORWAL R/0-6/854 SHIV MANDIR KE PASS, VIKAS NAGAR S-O DIST-LUCKNOW-226022 (U.P.)

**सूचना**
मैं VASEEM पुत्र श्री HASANAIN, निवासी ग्राम–58, सराय जरगर, पो0 –खारोसा, थाना– कोतवाली देहात, गोण्डा, उ0प्र0, सबको सूचित करता हूँ कि मैने अपना नाम बदलकर WASEEM AHMAD कर लिया है, अतः आज से मुझे WASEEM AHMAD के नाम से जाना पहचाना व लिखा जाये।

**सूचना**
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं **इकबाल अहमद पुत्र नजीबुल हसन निवासी–गाड़ी बाजार कस्बा व तहसील करनैलगंज जनपद गोंडा** का निवासी हूँ। मेरे समस्त अभिलेख में जन्मतिथि 11/02/1991 दर्ज है, जोकि सही एवं सत्य है। भविष्य में मेरे अन्य अभिलेख का सत्यापन इसी जन्मतिथि के आधार पर माना जाए।

**सूचना**
मैं अपने बडे पुत्र रिंकू वर्मा का चाल–चलन ठीक न होने के कारण अपनी समस्त चल अचल सम्पत्ति से बेदखल करता हूं। उसके किसी भी कृत्य से मेरा या मेरे परिवार का वास्ता सरोकार नहीं होगा, **राधेश्याम वर्मा पुत्र पारसनाथ वर्मा मोहल्ला बमपुलुस करनैलगंज, गोण्डा**

**सूचना**
मै **हरतालिका उर्फ ननकऊ पुत्र संतलाल ग्राम व पोस्ट भोजपुर जनपद रायबरेली** का मूल निवासी हूं। मेरी भारतीय जीवन बीमा में पालिसी संख्या 215573909 में मेरा नाम ननकऊ अंकित है जबकि मेरा नाम हरितालिका उर्फ ननकऊ के नाम से जाना पहचाना जाता हूं।

**सूचना**
मैने अपना नाम TANVEER SARA से बदलकर TANVEER ZAHARA रख लिया अब इसी नाम से जाना व पहचाना जाये। W/0- MOHAMMAD HAIDER ADD-MOHALLA JAFRABAD JALALPUR DIST-AMBEDKAR NAGAR-224149(U.P.)

**सूचना**
मै **दानिश पुत्र हासिम अली निवासी ग्राम व पो0 परियर, थाना कोतवाली सफीपुर, जनपद उन्नाव उ0प्र0,** मेरे ड्राइविंग लाइसेन्स जिसका नं0–यू0पी0 35– 20230011013 है। जिसमे पिता का नाम त्रुटिवश मोहम्मद हासिम अंकित हो गया है। जबकि आधार कार्ड, पैनकार्ड व शैक्षिक अभिभलेखो में पिता का नाम हासिम अली अंकित है जो सच व सही है। अतः मेरे ड्राइविंग लाइसेन्स में मेरे पिता का नाम मोहम्मद हासिम के स्थान पर सही व वास्तविक नाम हासिम अली लिखा जावे।

**सूचना**
मैने और मेरी पत्नी ने अपने बड़े बेटे पुनीत कुमार व उसकी पत्नी चेतना के गलत चाल–चलन के कारण अपनी सम्पत्ति से बेदखल करते हुए सम्बन्ध विच्छेद कर लिए हैं, उपरोक्तों के कोई कृत्य, वाद– विवाद, लेन–देन से हमारे परिवार का कोई वास्ता–सरोकार नहीं होगा। **रविकांत पुत्र वेदप्रकाश, सुनीता पत्नी रविकांत, ग्राम बेटियापुर–बेर, भरथना, इटावा, यू.पी.**

**सूचना**
सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मैं शपथी दिवाकर रावत पुत्र श्री रामकुमार निवासी–सी–3152, राजाजीपुरम, लखनऊ का हूं। शपथी की पुत्री का सही व शुद्ध नाम आद्रीका रावत है। त्रुटिवश शपथी की पुत्री का नाम शैक्षिक अभिलेखों में आद्रीका रानावत अंकित हो गया है जो गलत है। अतः शपथी अपनी पुत्री का सही व शुद्ध नाम आद्रीका रावत अंकित कराना चाहता है। **– शपथी**

**सूचना**
मैंने अपने पौत्र पंकज पुत्र स्व. अशोक कुमार को उसके गलत बर्ताव चाल–चलन के चलते अपनी चल अचल संपत्ति से बेदखल कर दिया है, अब उससे मेरा मेरी पत्नी राम प्यारी, पौत्र अंकित की पत्नी गायत्री, साधना पत्नी पंकज उसकी पुत्री अवनि आयु 10 साल, पुत्र अर्नव आयु छह साल से कोई संबंध नही है। इसके किसी कृत्य के लिए हम सब लोग जिम्मेदार नहीं हैं। **रामकृष्ण पुत्र सुबेदार, निवासी मो. कासूपेट, सांडी रोड, बिलग्राम–हरदोई**

**सूचना**
मैं **अवध कुमारी पत्नी फतेह बहादुर सिंह नि. सोनवरसा परगना व तहसील सलोन जिला रायबरेली** की मूल निवासी हूं। मैं अपने पुत्र महेंद्र सिंह पुत्र स्व. फतेह बहादुर सिंह निवासी ग्राम सोनवरसा के आचरण से परेशान होकर अपनी समस्त चल–अचल संपत्ति से बेदखल करती हूं और उसके द्वारा किए गए कार्यो का वह स्वयं जिम्मेदार होगा। भविष्य में किसी प्रकार का कोई वास्ता सरोकार नहीं रखूंगी।

**सूचना**
सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरी पुत्र का सही नाम आकार पटेल (AAKAR PATEL) पुत्र अरुण कुमार (ARUN KUMAR) है। जो की उसके शैक्षिक अभिलेख में अंकित है त्रुटिवश मेरी पुत्र के आधार कार्ड संख्या– 863106610298 में उसका नाम शिवाय (SHIVAAY) अंकित हो गया है जो की गलत है भविष्य में मेरे पुत्र को उसके सही नाम आकार पटेल (AAKAR PATEL) पुत्र अरुण कुमार (ARUN KUMAR) के नाम से जाना व् पहचाना जायेगा। इतद्वारा प्रमादित किया जाता है कि उपरोक्त के सम्बन्ध में सभी औपचारिकताये मेरे स्वंय द्वारा पूर्ण की गई है। अरुण कुमार निवासी कन्नी खेड़ा, ऐन, हरौनी, लखनऊ उत्तर प्रदेश 227101

अमृत विचार



**मुकद्दस रमज़ान**



- तीसरा रोज़ा-
  - अफ्तार-शनिवार 6:05 बजे
- चौथा रोज़ा-
  - सहरी-रविवार 5:22 बजे।

**न्यूज ब्रीफ**

### कल 2 घंटे नहीं मिलेगी आधे शहर को बिजली

**हरदोई, अमृत विचार।** हाई टेंशन पावर हाउस में मरम्मत के चलते रविवार सुबह 7:00 बजे से 2:00 बजे तक शहर का आधा हिस्सा तथा बिलग्राम, हरियावा, सुरसा, सांडी सहित कई स्थानों पर विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी। विद्युत प्रेषण खंड के अधिशासी अभियंता ने बताया कि 132 के वी पावर हाउस मन्ना पुरवा में मरम्मत के चलते शहर के इंडस्ट्रियल स्टेट, सिटी पावर हाउस, सांडी रोड, आरटीओ सुरसा, सांडी देहात तथा बिलग्राम पावर हाउस की विद्युत आपूर्ति रविवार सुबह 7 से 9:00 तक बंद रहेगी।

### खेत में फांसी लगाकर युवक ने की आत्महत्या

**हरदोई, अमृत विचार।** खेती-बाड़ी करने वाले युवक ने फांसी लगा कर आत्महत्या कर ली, वह अपने तीन भाइयों में सबसे बड़ा था, शादी नहीं हुई थी। टड़ियावां थाने के हीरालाल पुरवा मजरा अमेठिया महेंद्र कश्यप (23) पुत्र दलगंजन ने गुरुवार देर शाम अमेठिया गांव में प्रमोद के खेत में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। परिजनों के अनुसार महेंद्र पिछले कुछ दिनों से गुमसुम रह रहा था। फिलहाल पुलिस जांच कर रही है।

### शिवनगरिया में चोरों ने 4 घरों को बनाया निशाना

**हरदोइ।** शहर की बावन रोड पर शिव नगरिया में घुसे चोरों ने चार घरों को निशाना बनाते हुए वहां से चार मोबाइल और 30 हज़ार 500 रुपये कैश चोरी कर लिए। पुलिस जांच कर रही है। कोतवाली शहर की बावन रोड पर पानी की टंकी के बगल में शिव नगरिया है, वहां के सुखवासी, राजन, पूजा और दिलीप के घरों में घुसकर नकदी, मोबाइल व अन्य सामान चोरी कर लिया।

# नगवां-कोथावां पहुंचा रामादल

## 84 कोसी परिक्रमा से हुआ भक्तिमय माहौल, गलियों में गूंज रहे भजन

**संवाददाता, कोथावां, हरदोई**

**अमृत विचार।** पौराणिक चौरासीय कोसीय अष्टम बैकुण्ठ परिक्रमा यात्रा शुक्रवार को भोर तड़के राम नाम की गूंज के साथ श्रद्धालुओं का दल भजन-कीर्तन करते हुए यात्रा पर निकला, 'राम नाम के हीरे मोती मैं बिखराऊं गली गली' जैसे भजनों की करतल ध्वनि से पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया। जटाधारी साधु-संतों की उपस्थिति ने यात्रा की पवित्रता को और बढ़ा दिया, परिक्रमा में शामिल श्रद्धालुओं का उत्साह देखते ही बन रहा है।

यह परिक्रमा हिंदू धर्म की प्राचीन परंपराओं में से एक है, जो श्री राम के प्रति समर्पण का प्रतीक है, रामनाम भजनों के साथ अपने तृतीय व जिले के द्वितीय परिक्रमा पड़ाव स्थल पहुंचें श्रद्धालुओं का प्रशासनिक अधिकारियों के साथ साथ स्थानीय निवासियों ने फूल मालाओं से जोरदार स्वागत किया, परिक्रमा पड़ाव स्थल पर पहुंच कर श्रद्धालुओं ने हरे भरे आम के बाग में टेंट लगाकर जलपान, आराम, व भजन संकीर्तन किया। वहीं आसपास के लोगों ने परिक्रमा पड़ाव स्थल पर पहुंच कर यात्रा में शामिल हुए साधु संतों का दर्शन लाभ प्राप्त करते हुए आशीर्वाद लिया। परिक्रमा यात्रा में श्रद्धालुओं की सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए और चप्पे चप्पे पर प्रशासन मुस्तैद रहा, परिक्रमा पड़ाव स्थल नगवां कोथावां में उपजिलाधिकारी सण्डीला नारायणी भाटिया व क्षेत्राधिकारी हरियावां संतोष कुमार ने राजस्व व पुलिस अधिकारियों के परिक्रमा मेला का पैदल निरीक्षण करते हुए परिक्रमार्थियों से कुशलक्षेम जाना।



आम के बाग में डेरा डालकर विश्राम करते परिक्रमार्थी। अमृत विचार



हत्याहरण तीर्थ में स्नान करते श्रद्धालु। अमृत विचार

### परिक्रमार्थियों के लिए खुले कुबेर के दरवाजे

विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी परिक्रमा मार्ग के मध्य स्थित कुबेर लाल इण्टर कालेज के प्रांगण में कुबेर लाल के वंशज क्षेत्रीय सांसद अशोक कुमार रावत ने परिक्रमार्थियों के लिए कुबेर के दरवाजे खोलने का कार्य किया, सांसद ने परिक्रमार्थियों के लिए जलपान व्यवस्था के साथ साथ फलाहार की व्यवस्था की और दक्षिणा देकर साधु संतों का आशीर्वाद प्राप्त किया।

### परिक्रमा में हत्याहरण तीर्थ स्नान का है विशेष महत्व

पवित्र नैमिषारण्य परिक्रमा क्षेत्र में स्थित ब्रह्महत्याहरण तीर्थ सरोवर में परिक्रमार्थियों ने स्नान कर मार्जन लिया, पौराणिक कथाओं के अनुसार त्रेता में मर्यादा पुरुषोत्तम राम ने जब रावण का वध किया तो भगवान राम को ब्रम्ह हत्या का पाप लगा, तब गुरु के कहने पर भगवान राम ब्रम्ह हत्या के पाप से मुक्त होने के लिए इस तीर्थ पर आये और स्नान किया। इस तरह से उनके पाप धुले और वो ब्रम्ह हत्या के पाप से मुक्त हुए। त्रेता युग से आज तक इस स्थान का नाम हत्या हरण कहा जाता है क्योंकि यहां स्नान करने से हत्या तक का पाप नष्ट हो जाता है, यहां पर राम का एक बार नाम लेने से हजार नामों का लाभ मिलेगा, तब से आज तक लोग यहां इस पावन तीर्थ पर आकर हत्या, गोहत्या एवं अन्य पापों से मुक्ति पा रहे हैं।



हाथी आसीन महात्मा नागेंद्र दास। अमृत विचार



साधु-संतों को फलाहार वितरण करते सांसद अशोक रावत। अमृत विचार



मिट्टी के चूल्हे मे रोटियां सेकते परिक्रमार्थी। अमृत विचार

### धन्यवाद अमृत विचार

परिक्रमा यात्रा के तृतीय पड़ाव पर पहुंचे मेला सचिव संतोष दास खाकी ने अपने पंडाल में बैठकर सबसे पहले अमृत विचार समाचार पत्र मे प्रकाशित खबरों को बारीकी से पढ़ा, तत्पश्चात अमृत विचार समाचार पत्र में प्रकाशित हर्रैया परिक्रमा पड़ाव स्थल की खबर को पढ़कर अमृत विचार समाचार पत्र को कोटि कोटि धन्यवाद देते हुए अमृत विचार समाचार पत्र के क्षेत्रीय संवाददाता प्रदीप वैश्य को नित नई उपलब्धियों को हासिल करते रहने का आशीर्वाद भी दिया।



अमृत विचार समाचार पत्र पढ़ते मेला सचिव संतोष दास खाकी। अमृत विचार

# सभी लोग आपसी भाईचारे और सद्भाव के साथ मनाएं त्योहार

**संवाददाता, शाहाबाद, हरदोई**

**अमृत विचार।** रमजान और होली के मद्देनजर पीस कमेटी की बैठक कोतवाली परिसर में संपन्न हुई जिसकी अध्यक्षता अपर पुलिस अधीक्षक आलोक राजनारायण ने की। नवागत प्रभारी निरीक्षक अरविंद राय भी मौजूद रहे।

इस अवसर पर अपर पुलिस अधीक्षक आलोक राज नारायण ने कहा कि आप सभी संभ्रांत जनों से अनुरोध है कि आने वाले पर्व होली और रमजान आपसी भाईचारे और सद्भाव के साथ मनाएं। शाहाबाद को शांति प्रिय शहर है। यहां कभी भी कोई विवाद नहीं हुआ है। अगर कोई भी व्यक्ति अमन चैन में खलल करने का प्रयास करता है तो उसकी सूचना क्षेत्र के चौकीदार, बीट प्रभारी, उपनिरीक्षक या सीधे कोतवाली प्रभारी को दे सकते हैं। सूचना देने वाले का नाम गोपनीय रखा जाएगा। नवागत थाना प्रभारी अरविंद राय ने उपस्थित संभ्रांत जनों से परिचय किया और बताया कि उन्होंने आज ही पदभार ग्रहण किया है। सभी लोग सहयोग बनाए रखें पुलिस हर संभव आपका सहयोग और सुरक्षा करेगी।

# तीन किशोरियां तालाब में डूबीं, एक को बचाया गया

**संवाददाता, पिहानी, हरदोई**

**अमृत विचार।** दो सगी बहनें अपनी सहेली के साथ तालाब में सिंघाड़े निकालने गईं थीं। जहां गहरे पानी में जाने से तीनों डूबने लगी। शोर सुनकर ग्रामीण दौड़ पड़े और एक किशोरी को बचा लिया, लेकिन दोनों सगी बहनें लापता हो गईं। ग्रामीणों और पुलिस के काफी प्रयास के बाद भी जब किशोरियों का कुछ पता नहीं चला तो सीतापुर से एसडीआरएफ और पीएसी को बुलाया गया है। लेकिन देर शाम खबर लिखे जाने तक दोनों का पता नहीं चला था।



लापता प्रियंका और आरुषि।

- **दो सगी बहनें लापता, देर शाम तक एनडीआरफ टीम व पीएसी की मदद से जारी रही तलाश**

पिहानी कोतवाली के दहेलिया मजरा रामपुर निवासी कमलेश की दो बेटियां 14 वर्षीय आरुषि व 12 वर्षीय प्रियंका शुक्रवार को उसी गांव की अपनी 14 वर्षीय सहेली जान्वी के साथ तालाब से सिंघाड़े ढूंढने गईं थीं। सिंघाड़ा खोजते हुए तीनों किशोरियां गहरे पानी में चली गईं। डूबने लगीं तो शोर मचाया। जिसके बाद आसपास मौजूद लोगों ने पहुंचकर जान्वी को किसी तरह बाहर निकाल लिया लेकिन आरुषि और प्रियंका गहरे पानी में लापता हो गईं। एसडीआरएफ और पीएसी की मदद दोनों की तलाश देर शाम तक जारी रही। उधर दोनों सगी बहनों के इस तरह लापता होने से उनके घर-परिवार में कोहराम बरपा है। वहां देर रात तक आस-पड़ोस के गांव के लोग इकट्ठा थी।



लापता किशोरियों की तलाश करती पुलिस व प्रशासनिक अधिकारियों की टीम। अमृत विचार

# लंबित कार्यों को समय से पूर्ण कराएं : डीएम

**संवाददाता, हरदोई**

**अमृत विचार।** स्वामी विवेकानंद सभागार में आज जिलाधिकारी अनुनय झा की अध्यक्षता में सीएम डैशबोर्ड, निर्माण कार्यों और राजस्व की एक महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक संपन्न हुई। बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने विभागीय प्रगति की बारीकी से समीक्षा की और लंबित कार्यों को समय सीमा के भीतर गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूर्ण करने के कड़े निर्देश दिए।

जिलाधिकारी ने सीएम डैशबोर्ड पर कम रैंकिंग वाले विभागों पर नाराजगी जताते हुए पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग, आईसीडीएस, उद्योग विभाग (ओडीओपी टूल किट) और समाज कल्याण विभाग को अपनी प्रगति में तत्काल सुधार लाने के निर्देश दिए। निर्माण कार्यों की चर्चा करते हुए उन्होंने बताया कि शाहाबाद में रोडवेज बस स्टैंड का निर्माण कार्य इसी माह पूर्ण कर लिया जाएगा। इसके साथ ही उन्होंने सिंचाई विभाग और कस्तूरबा विद्यालयों में चल रहे निर्माण कार्यों की स्थलीय जांच करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए।

पीडब्ल्यूडी विभाग को कार्य में गति लाने का निर्देश देते हुए जिलाधिकारी ने स्पष्ट किया कि विकास परियोजनाओं में किसी भी प्रकार की देरी बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने सभी कार्यदायी संस्थाओं को शासन की मंशा के अनुरूप निर्धारित समय सीमा के भीतर काम पूरा करने को कहा। इस अवसर पर मुख्य विकास, उप जिलाधिकारीगढ़अधिकारी परियोजना निदेशक सहित जिले के समस्त संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।



समीक्षा बैठक करते डीएम अनुनय झा।

### होली पर 30 अतिरिक्त बसें चलाई जाएंगी

**हरदोई, अमृत विचार।** होली के मौके पर यात्रियों की संभावित भीड़ को देखते हुए परिवहन निगम ने व्यापक तैयारी शुरू कर दी है। 28 फरवरी से 9 मार्च तक विशेष अभियान के तहत अतिरिक्त बसों का संचालन किया जाएगा, ताकि त्योहार के दौरान घर लौटने और वापस जाने वाले लोगों को परेशानी का सामना न करना पड़े। अधिकारियों के मुताबिक होली पर दिल्ली, गाजियाबाद, कौशांबी और आनंद विहार जैसे प्रमुख केंद्रों से बड़ी संख्या में यात्रियों का आवागमन होता है। इसी को ध्यान में रखते हुए इन मार्गों पर विशेष निगरानी रखी जाएगी।

# सुगम यातायात को करें सख्त कार्रवाई

**संवाददाता, हरदोई**

**निर्देश**

- **ओवरलोड वाहनों पर हो कार्रवाई सड़कों के किनारे खाली कराने के साथ अवैध ढाबे बंद कराए जाएं**

**अमृत विचार।** जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक शुक्रवार को जिलाधिकारी अनुनय झा की अध्यक्षता में स्वामी विवेकानन्द सभागार कलेक्टेट में आयोजित की गई, जिसमें जिलाधिकारी ने सहायक संभागीय अधिकारी एवं पुलिस विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिये कि नगरीय तथा अन्य मार्गो से गुजरने वाले ओवर लोड वाहनों की चेकिंग करें और सुगम यातायात के लिए सड़को पर बेतरतीब खड़े होने वाले वाहनों, अवैध रूप से संचालित ढाबों एवं खोखे को तत्काल प्रभाव से हटवायें तथा वन विभाग एनएचए मार्गो के किनारे लगी झाड़ियों को कटवाकर सफाई कराएं।

नगर में अतिक्रमण पर नाराजगी व्यक्त करते हुए जिलाधिकारी ने निर्देश दिये कि ईओ नगर के मुख्य मार्गो पर वैन्डिग जोन बनवायें तथा मार्गो के किनारे के अतिक्रमण को अभियान चलाकर खाली कराये और बार-बार अतिक्रमण करने वालों पर कड़ी कार्यवाही करें। बढ़ते ई रिक्शों से खराब हो रही यातायात व्यवस्था को सुधारने के सम्बन्ध में जिलाधिकारी ने एआरटीओ को निर्देश दिये कि ई रिक्शों के रूट निर्धारित कर क्यूआर कोड जारी करायें और रूट का पालन न करने वालों पर यातायात पुलिस कार्यवाही करें। उन्होने आरटीओ से कहा कि गन्ना भरे वाहनो पर ओवर लोडिंग पर विशेष नजर रखें। जिलाधिकारी ने बैठक में उपस्थित एनएचए, लखनऊ व कानपुर के अधिकारियों को निर्देश दिये एनएच मार्गो से सभी प्रकार के अतिक्रमण हटवायें।

### पति सहित चार पर केस दर्ज कराया

**शाहाबाद, हरदोई, अमृत विचार।** कोतवाली क्षेत्र के उधरनपुर निवासी पति सहित चार ससुराली जनों पर एक विवाहिता ने दहेज में 10 लाख रुपए की नगदी न मिलने के कारण घर से निकाल देने और गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी देने का केस दर्ज कराया है। पुलिस मामले की जांच पड़ताल कर रही है। पाली थाना क्षेत्र के ग्राम परेली निवासी आंचल मिश्रा पुत्री उमेश पाठक के अनुसार उसका विवाह 27 जनवरी 2023 को उधरनपुर निवासी प्रत्यूष मिश्रा के साथ संपन्न हुआ था, पिता ने अपनी हैसियत के हिसाब से दान दहेज भी दिया लेकिन ससुराल पक्ष के लोग दहेज से संतुष्ट नहीं थे और लगातार 10 लाख रुपए नगदी की मांग कर रहे थे। आंचल के अनुसार उसने इतनी नकदी देने के लिए असमर्थता जताई है तो 18 जनवरी को शाम 7:30 बजे उसे पति प्रत्यूष मिश्रा, ससुर प्रदीप मिश्रा, सास गीता मिश्रा, ननद सौम्या मिश्रा द्वारा जानमाल की धमकी देते हुए घर से निकाल दिया गया। प्रभारी निरीक्षक अरविंद राय ने बताया आरोपी ससुरली जनों पर केस दर्ज कर जांच पड़ताल की जा रही है।

# वीडीओ समाज कल्याण को निलंबित करने के दिए निर्देश

**माधौगंज, हरदोई, अमृत विचार।** सीडीओ सान्या छाबड़ा ने शुक्रवार को विकास खंड कार्यालय का निरीक्षण किया गया, जिसमें उन्होंने ब्लॉक परिसर, प्रशासनिक भवन, आवासीय परिसर, मनरेगा सेल, एनआरएलएम सेल, सहायक विकास अधिकारी पंचायत कक्ष देखा। प्रशासनिक भवन में विभिन्न पटलों पर अभिलेखों का रखरखाव, परिसर की साफ सफाई एवं जन सामान्य द्वारा प्राप्त होने वाली शिकायतों के निस्तारण की स्थिति के साथ ही विभिन्न योजनाओं की प्रगति का अवलोकन किया। पारिवारिक लाभ योजना के फॉर्म सत्यापन हेतु लंबित पाये जाने पर उत्तरदाई ग्राम विकास अधिकारी समाज कल्याण शैलेन्द्र कुमार को निलंबित कर विभागीय कार्रवाई करने हेतु निर्देशित किया। ब्लॉक परिसर में पार्किंग स्थल निर्माण कराने एवं औषधीय व शोभाकारी वृक्ष लगाकर पार्क के रूप में विकसित करने के निर्देश दिए। ब्लॉक परिसर में बीआरजीएफ के अंतर्गत लगभग 15 साल से अधूरे पड़े सभागार के संबंध में खंड विकास अधिकारी से विस्तृत आख्या उत्तरदायित्व निर्धारण सहित उपलब्ध कराने एवं उक्त निर्माण कार्य पूर्ण करने हेतु प्रस्ताव उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। ग्राम विकास अधिकारी समाज कल्याण शैलेन्द्र कुमार को पारिवारिक लाभ योजना के फार्म सत्यापन हेतु लंबित पाये जाने पर विभागीय कार्यवाही कर निलंबित कर दिया गया है। बिलग्राम संवाददाता के अनुसार सीडीओ सान्या छाबड़ा ने पंचायत भवन में चौपाल लगाई, जिसमें बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने भाग लेकर अपनी समस्याएं खुलकर अधिकारियों के सामने रखीं। ग्रामीणों ने प्रधानमंत्री आवास योजना, राशन वितरण में अनियमितता, बिजली आपूर्ति की समस्या, जर्जर सड़कों की मरम्मत तथा वृद्धावस्था और विधवा पेंशन से जुड़े मामलों की शिकायतें सीडीओ के समक्ष प्रस्तुत कीं।



अभिलेखों का परीक्षण करतीं सीडीओ सान्या छाबड़ा।

**जांच** मेडिकल कॉलेज में देखभाल न होने से लावारिस किशोरी की मौत का मामला, डिप्टी सीएम के निर्देश पर जांच शुरू

# विजिलेंस टीम ने लापरवाह स्वास्थ्यकर्मियों के लिये बयान

**संवाददाता, हरदोई**

**अमृत विचार।** मेडिकल कालेज में लावारिस की 'लावारिस' मौत का किस्सा सुनने के बाद डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक तुरंत एक्शन में आ गए। डिप्टी सीएम की कड़वी घुट्टी पीने के बाद प्रिंसीपल डा. जेबी गोगोई ने चार सदस्यीय विजिलेंस टीम को जांच सौंपी, उसी टीम ने शुक्रवार मौत की कहानी के पन्ने पलटते हुए उस दौरान ड्यूटी पर रहे स्टाफ के बयान लिए, टीम की रिपोर्ट पहुंचते ही सरकार के एक्शन का कड़ा रिएक्शन होने की बात कही जा रही है।

बताते चलें कि 15 फरवरी की शाम को मेडिकल कालेज में भर्ती कराई गई किशोरी की मौत और घंटों बाद तक उसकी डेडबाडी बेड पर पड़ी रहने के मामले में डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक ने कड़ा रुख अपनाया, उन्होने सोशल मीडिया के अपने अकाउंट पर न सिर्फ नाराज़गी ज़ाहिर की बल्कि मेडिकल कालेज के प्रिंसिपल डा.गोगोई को कड़वी घुट्टी पिलाते हुए उनसे दो दिनों में रिपोर्ट तलब की, डिप्टी सीएम के एक्शन में आते ही प्रिंसीपल ने मेडिकल कालेज के डिप्टी प्रिंसीपल डा.नरेंद्र कुमार के अलावा डा.पोखरिया, डा. कंचन और डा.शुभम यादव की विजिलेंस टीम बनाते हुए कड़ी हिदायत देते हुए जांच सौंपी, उसी के तहत विजिलेंस टीम शुक्रवार को मेडिकल कालेज पहुंची और इमरजेंसी के ग्रीन जोन के बेड नंबर-जी-9 पर भर्ती किशोरी की मौत के मामले मे.पूछताछ की, टीम ने 16 से 17 फरवरी के बीच इमरजेंसी और ग्रीन जोन के नर्सेस ड्यूटी रूम में ड्यूटी पर रहने वाले स्टाफ से मिनट-टू-मिनट बयान लिए, किशोरी की बीएचटी को खंगाला, पूछा गया कि उसकी किस तरह से मानीटरिंग की गई।

विजिलेंस टीम अपनी जांच रिपोर्ट शुक्रवार की शाम तक प्रिंसीपल को सौंप देगी। उसके बाद उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक के एक्शन का कड़ा रिएक्शन होने की बात कही जा रही है।



स्वास्थ्य कर्मचारियों से बयान लेती विजिलेंस टीम।

# तीन हजार से अधिक ने छोड़ी परीक्षा

**संवाददाता, हरदोई**

**अमृत विचार।** यूपी बोर्ड परीक्षा के तीसरे दिन शुक्रवार को हाईस्कूल व इंटरमीडिएट की परीक्षा पूरे जिले में शांतिपूर्ण व नकलविहीन संपन्न हुई। नकल रोकने के लिए परीक्षा केंद्रों पर सीसीटीवी कैमरे भी लगाए गए हैं। परीक्षा को लेकर प्रशासन अधिकारी पूरी तरह सजग रहे।

जिला विद्यालय निरीक्षक बाल मुकुंद ने बताया कि तीसरे दिन भी दोनों पालियों में परीक्षाएं शांतिपूर्ण संपन्न हुईं। परीक्षा केंद्रों पर पर्याप्त मात्रा में पुलिस बल तैनात रहा। तलाशी के बाद ही परीक्षार्थियों को परीक्षा कक्ष में प्रवेश दिया गया। परीक्षा के चलते केंद्रों के आसपास फोटो कापी व इंटरनेट की दुकानें बंद रहीं। परीक्षा शांतिपूर्ण संपन्न कराने के लिए अधिकारी लगातार सक्रिय रहे। सचल दलों ने राजकीय इंटर कालेज टड़ियावां, रामकृष्ण परमहंस इंटर कालेज मलिहामऊ, बीवीएम इंटर कालेज भरावन, लालता प्रसाद श्रीधर इंटर कालेज इछनापुर, एसपीबीडी हरपालपुर सहित कई परीक्षा केंद्रों का सघन निरीक्षण किया। तीसरे दिन 52,188 परीक्षार्थियों को परीक्षा देनी थी, लेकिन 3985 अभ्यर्थी अनुपस्थित रहे।



परीक्षा केंद्र के बाहर छात्राओं की तलाशी लेतीं शिक्षिकाएं। अमृत विचार

# सड़क हादसों में दो लोगों की मौत, तीन गंभीर

## रामपुर कला और लहरपुर इलाके में हुए हादसे, तीन की हालत गंभीर

सीतापुर कार्यालय।




**अमृत विचार :** जनपद के अलग-अलग थाना क्षेत्रों में देर रात हुए दो सड़क हादसों में एक महिला समेत दो लोगों की मौत हो गई, जबकि तीन अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस ने शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और अज्ञात वाहन चालकों की तलाश शुरू कर दी है।

पहली घटना रामपुर कला थाना क्षेत्र के कन्दुनी गांव के पास तेज रफ्तार पिकअप ने बाइक सवार परिवार को रौंद दिया। हादसे में ग्राम कौराशा निवासी सूबी (25) की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं, उनके पिता इब्राहिम और पति तौफीक गंभीर रूप से घायल हो गए। बताया जा रहा है कि परिवार दवा लेकर घर लौट रहा था। घायलों की नाजुक हालत को देखते हुए उन्हें लखनऊ ट्रॉमा सेंटर रेफर किया गया है। पिकअप चालक वाहन समेत फरार है। दूसरी घटना, लहरपुर कोतवाली क्षेत्र की भदफर चौकी के पास हुई। यहां जिओ पेट्रोल पंप के निकट एक अज्ञात वाहन ने बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में खीरी जनपद के निवासी संतोष कुमार (40) की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि साथी सुरेंद्र गंभीर रूप से घायल हो गए।

## खंती में गिरी ट्रैक्टर-ट्राली मजदूर की मौत

**संवाददाता, साण्डा। अमृत विचार :** सकरन इलाके में शुक्रवार दोपहर एक ट्रैक्टर-ट्रॉली खाई में पलट गई। इस हादसे में एक मजदूर की मौत हो गई, जबकि ट्रैक्टर चालक घायल हो गया। बताते हैं कि सेमरा खुर्द निवासी बच्चा लाल अपने खेत में खस पेराई का कार्य कर रहे थे। वह अपने मजदूर जगदीश (50) को ट्रैक्टर पर बैठाकर खेत में खस भरने के लिए जा रहे थे। इसी दौरान ट्रैक्टर-ट्रॉली अनियंत्रित होकर खाई में गिर गई। जिससे मजदूर की मौत हो गई।



यूजीसी लागू करने की मांग को लेकर ज्ञापन देते अधिवक्ता व अन्य।

## यूजीसी लागू करने की मांग को लेकर प्रदर्शन

**महमूदाबाद।** महमूदाबाद में यूजीसी बिल लागू किए जाने की मांग को लेकर वकीलों तथा कम्युनिस्ट पार्टी व अपना दल के कार्यकर्ताओं ने विरोध प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारी नारेबाजी करते हुए तहसील परिसर पहुंचे और अपनी मांगों को लेकर प्रशासन को ज्ञापन सौंपा। प्रतिनिधिमंडल ने एसडीएम बीके सिंह तथा तहसीलदार अनिल कुमार राम को ज्ञापन देकर कहा कि यूजीसी बिल से संबंधित प्रावधानों को तत्काल प्रभाव से लागू किया जाए, जिससे संबंधित वर्गों को इसका लाभ मिल सके। इस दौरान बार अध्यक्ष सुरेंद्र सिंह पटेल, अखिलेश वर्मा, अशोक वर्मा, मोईद सहित बड़ी संख्या में अधिवक्ता आदि मौजूद थे।


**रोजा**

**शिया**
सहरी : 05.08 बजे
अफ्तार : 06.15 बजे

**सुन्नी**
सहरी : 05.15 बजे
अफ्तार : 06.05 बजे

## न्यूज ब्रीफ

### कुएं में मिला नवजात का शव

**सीतापुर।** सदरपुर इलाके के लोखरिया मजरा बकहुवां गांव में कुएं में नवजात का शव उतराता मिला। पूर्व ग्राम प्रधान सतीश कुमार की सूचना पर पुलिस गांव पहुंची। शव को गहरे पानी से निकलवाकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा।

### ई-रिक्शा पलटने से वृद्ध महिला का पैर कटा

**मिश्रिख।** इलाके जोधपुर के पास सड़क हादसे में बुजुर्ग महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। रामकोट से मिश्रिख की ओर जा रहा एक तेज रफ्तार ऑटो अचानक अनियंत्रित होकर सड़क पर पलट गया। स्थानीय लोगों के मुताबिक, रफ्तार अधिक होने के कारण चालक वाहन पर नियंत्रण नहीं रख सका। टक्कर इतनी जोरदार थी कि ऑटो में सवार बुजुर्ग महिला बिट्टी का पैर शरीर से कटकर अलग हो गया। जिला अस्पताल में भर्ती महिला की हालत गंभीर बताई जा रही है।

### कवि कमलेश को मिला छत्रपति शिवाजी महाराज कर्मयोगी सम्मान

**बिसवां।** राष्ट्रीय कवि संगम के राष्ट्रीय मंत्री साहित्य भूषण कमलेश मौर्य मृदु को छत्रपति शिवाजी महाराज कर्मयोगी सम्मान प्रदान किया गया। यह सम्मान उन्हें कला साहित्य के क्षेत्र में अतुलनीय योगदान एवं राम जन्मभूमि मुक्ति आंदोलन में अपनी कविताओं के माध्यम से देशव्यापी अलख जगाने के लिए प्रदान किया गया। यह सम्मान छत्रपति शिवाजी महाराज की 396 वीं जयंती के अवसर पर मालवीय सभागार लखनऊ विश्वविद्यालय में आयोजित समारोह में प्रदान किया गया।

### मिश्रित पुलिस ने 24 घंटे में बरामद कर लौटाया मोबाइल

**मिश्रित :** पुलिस अधीक्षक के 'खोया-पाया' अभियान के तहत थाना मिश्रित पुलिस ने बड़ी सफलता हासिल की। प्रभारी निरीक्षक प्रदीप कुमार सिंह के नेतृत्व में पुलिस टीम ने सीईआईआर पोर्टल की मदद से गुमशुदा मोबाइल फोन को मात्र 24 घंटे के भीतर ट्रैक कर बरामद कर लिया। शुक्रवार को पुलिस ने बरामद मोबाइल उसके वास्तविक स्वामी बीरपाल सिंह, निवासी दशरथपुर को सुपुर्द कर दिया।

### सड़क की बदहाली पर एमएलसी ने प्रमुख सचिव को लिखा पत्र

**मिश्रिख (सीतापुर)।** उत्तर प्रदेश विधान परिषद सदस्य अनूप कुमार गुप्ता ने क्षेत्र की जर्जर सड़कों की समस्या को लेकर शासन का ध्यान आकर्षित किया है। उन्होंने प्रमुख सचिव, विधान परिषद को पत्र लिखकर विकासखंड की ग्राम पंचायत बेलहैइया से जमुनापुर, राजनगर, कोल्हुवा, बरेठी निरहनि होते हुए पिपरोसा तक जाने वाले संपर्क मार्ग की दयनीय स्थिति पर गंभीर चिंता व्यक्त की है। उन्होंने जनहित में इस संपर्क मार्ग को अविलंब दुरुस्त कराए जाने की मांग की है।

### राजनीतिक दलों ने की बैठक, लिए सुझाव

**सीतापुर।** विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों की निर्वाचक नामावलियों को लेकर कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी / जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. राजा गणपति आर. की अध्यक्षता में बैठक सम्पन्न हुयी। बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों से विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण-2026 के अन्तर्गत दावों व आपत्तियों के संबंध में सुझाव एवं शिकायतों पर विस्तारपूर्वक चर्चा की।

### बंजारा टाउनशिप में बांटे गए कंबल

**लहरपुर।** भवानीपुर में नवनिर्मित बंजारा टाउनशिप में विस्थापित परिवारों की मदद के लिए हाथ बढ़ाए जा रहे हैं। मोहम्मद हसीन अंसारी द्वारा टाउनशिप में रह रहे 114 बंजारा परिवारों को कंबल वितरित किए गए। उन्होंने घोषणा की कि जल्द ही पीतांबरा शिक्षा समिति के माध्यम से सामग्री और चादरें भी उपलब्ध कराई जाएंगी। कंबल वितरण के दौरान लेखपाल राहुल यादव, पवन यादव और अफसान मौजूद रहे।


मॉक ड्रिल के दौरान स्ट्रेचर पर घायल को ले जाती रेस्क्यू टीम।

## मॉकड्रिल : कचहरी में बम ब्लॉस्ट, परिसर सील

**कार्यालय संवाददाता, सीतापुर, अमृत विचार :** कचहरी परिसर को अचानक पुलिस-पीएसी ने घेर लिया। डॉक स्कवाएड और दमकल भी पहुंचा। सांसत में वकील और मोवक्किल आ गए। बाद में मालुम चला कि ये महज मॉक ड्रिल भर था। दरअसल, लखनऊ समेत प्रदेश के विभिन्न जिलों में कोर्ट परिसरों को ई-मेल के जरिए बम से उड़ाने की धमकी मिलने के बाद सुरक्षा एजेंसियां अलर्ट मोड पर हैं। इसी क्रम में एसपी अंकुर अग्रवाल के निर्देश पर कचहरी परिसर में मॉक ड्रिल का आयोजन हुआ। इसका नेतृत्व सहायक पुलिस अधीक्षक विनायक गोपाल भोसले ने किया। परिसर में ब्लॉस्ट का परिदृश्य अपनाया गया। डॉग स्क्वायड और फायर ब्रिगेड की टीमें तत्काल मौके पर पहुंचीं। सुरक्षा बलों ने पूरे इलाके को घेराबंदी कर सील किया। मॉकड्रिल के तहत घायल को राहत दी गई। सहायक पुलिस अधीक्षक ने बताया कि रिहर्सल का मुख्य उद्देश्य किसी भी आपात स्थिति में विभिन्न विभागों के बीच समन्वय और रिस्पॉन्स टाइम को परखना था।

## दंपति हत्याकांड का खुलासा, दो भाई गिरफ्तार

**संवाददाता, सीतापुर। अमृत विचार :** जनपद के थाना नैमिषारण्य पुलिस ने दोहरे हत्याकांड के दो सगे भाइयों को गिरफ्तार किया। पुलिस ने आरोपियों के पास से हत्या में प्रयुक्त चाकू व अन्य सामान बरामद किया। नैमिषारण्य थाना प्रभारी नवनीत मिश्रा के मुताबिक, ठाकुरनगर तिराहे के पास से दो सगे भाई रामू और श्यामू पुत्र मिश्रीलाल को गिरफ्तार किया। पूछताछ में आरोपियों ने कुबूल किया कि पारिवारिक विवाद के चलते उन्होंने अपने ही भाई हरीश और भाभी पूनम पर चाकू से हमला किया था, जिससे उनकी मृत्यु हो गई। आरोपियों की निशानदेही पर उनके पास से हत्या में प्रयुक्त चाकू और खून से सने कपड़े, घटनास्थल से एकत्र साक्ष्य और तीन मोबाइल फोन बरामद किए गए हैं। प्रभावी कार्रवाई के तहत आरोपियों को जेल भेजा गया है।

# आंबेडकर प्रतिमा स्थापित करने पर हंगामा, पुलिस बल तैनात

संवाददाता सीतापुर

**अमृत विचारः** सदरपुर थाना क्षेत्र के ग्राम सरजुपुरवा मजरे धरमपुर में शुक्रवार सुबह उस समय तनाव व्याप्त हो गया, जब आबादी की भूमि पर बिना प्रशासनिक अनुमति के डॉ. भीमराव आंबेडकर और महात्मा बुद्ध की प्रतिमाएं स्थापित कर दी गईं। मामले की भनक लगते ही प्रशासनिक अमले में हड़कंप मच गया। जिलाधिकारी के निर्देश पर भारी पुलिस बल के साथ पहुंची तहसील प्रशासन की टीम को ग्रामीणों के कड़े विरोध का सामना करना पड़ा।

> सार्वजनिक या आबादी की जमीन पर किसी भी धार्मिक या महापुरुष की प्रतिमा स्थापित करने के लिए शासन और जिला प्रशासन की लिखित अनुमति अनिवार्य है। बिना अनुमति ऐसा करना कानूनन अतिक्रमण की श्रेणी में आता है।
> **– अवधेश श्रीवास्तव, क्षेत्राधिकारी महमूदाबाद**

सुबह करीब दस बजे जब महमूदाबाद तहसील प्रशासन और पुलिस टीम मौके पर पहुंची, तो ग्रामीणों ने प्रतिमा हटाने का विरोध शुरू कर दिया। ग्रामीणों का कहना था कि वे श्रद्धावश प्रतिमाएं स्थापित कर रहे हैं, जबकि प्रशासन का स्पष्ट कहना था कि सरकारी या सार्वजनिक आबादी की भूमि पर बिना पूर्व अनुमति के कोई भी निर्माण या प्रतिमा स्थापना अवैध है। विवाद बढ़ता देख उच्चाधिकारियों ने एहतियात के तौर पर आसपास के छह थानों की पुलिस फोर्स को मौके पर बुला लिया। देखते ही देखते पूरा गांव छावनी में तब्दील हो गया। भारी विरोध और नारेबाजी के बीच प्रशासनिक टीम ने मशक्कत कर प्रतिमाओं को वहां से हटवाया और सुरक्षित स्थान पर रखवाया। फिलहाल गांव में शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस बल तैनात है।

## लखनऊ की युवती की सीतापुर में मौत

**सीतापुर। अमृत विचार :** लखनऊ की साउथ सिटी में अपनी मां के साथ रह रही युवती की सीतापुर स्थित पैतृक मकान में संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। युवती का शव मकान के ईंटें उखाड़कर घर से बाहर निकाला जा सका। कोतवाली नगर में मोहल्ला लोनियनपुरवा कॉलोनी में हुई घटना को लेकर पुलिस छानबीन कर रही है। कोतवाली नगर क्षेत्र के मोहल्ला लोनियनपुरवा में लखनऊ की साउथ सिटी निवासी 18 वर्षीय नंदिनी अपनी मां मंजू देवी के साथ बीते दिनों आई थी। नंदिनी अपनी मां मंजू देवी के साथ लखनऊ स्थित साउथ सिटी में रहती थी। वह 17 फरवरी को ही लखनऊ से अपने पैतृक घर सीतापुर आई थी। आत्महत्या के कारणों को लेकर फिलहाल कोई स्पष्ट जानकारी सामने नहीं आ सकी है। परिजनों के मुताबिक, मंजू के पति तेजपाल की मृत्यु के बाद उसका परिवार लखनऊ में शिफ्ट हो गया था। हाल दिनों में परिवार घर लौटा था। मेडिकल रिपोर्ट आने के बाद ही स्थितियां स्पष्ट हो पाएंगी।

# यात्रा देगी विकास कार्यों को मजबूती

संवाददाता, सीतापुर।

**अमृत विचार :** मनरेगा बचाओ यात्रा पुनः देना गांव से शुरू हुई। चौथे दिन यह यात्रा बेलही, शाहपुर, दलावल और अंगेठा समेत विभिन्न गांवों में पहुंची, जहां नेताओं ने ग्रामीणों को मनरेगा और पंचायती राज अधिकारों के प्रति जागरूक किया।

अंगेठा बाजार में आयोजित सभा को संबोधित करते हुए कांग्रेस जिलाध्यक्ष (दलित प्रकोष्ठ) विष्णु गौतम ने कहा कि पंचायती राज ने ग्रामीणों को विकास की चाबी दी थी, जिसे दलालों ने छीन लिया है। यह यात्रा उसी अधिकार को वापस दिलाने का संकल्प है। वहीं, मजदूर नेता सुनीला रावत ने मनरेगा को ग्रामीण रोजगार की आधारशिला बताते हुए आरोप लगाया कि भाजपा सरकार इस गारंटी को खत्म करने की साजिश कर रही है। शिवप्रकाश सिंह (संयोजक) ने कहा कि केंद्र सरकार गरीबों को पूंजीपतियों का गुलाम बनाना चाहती है। राधेश्याम कनौजिया ने कहा हरगांव विधानसभा में संविधान के बजाय लूट का राज चल रहा है। यात्रा में सभासद रिजवान, वीपेन्द्र भारती, सचिन कुमार और प्रहलाद सहित भारी संख्या में कार्यकर्ता व ग्रामीण मौजूद रहे।


जनसंपर्क के दौरान उपस्थित कांग्रेस जिलाध्यक्ष दलित प्रकोष्ठ। अमृत विचार

# पॉक्सो एक्ट के वांछित ने जेल जाते समय गर्दन काटी, गंभीर

कार्यालय संवाददाता, सीतापुर

- अपर पुलिस अधीक्षक बोले- मामले की कराई जा रही है जांच

**अमृत विचारः** नाबालिग को भगा ले जाने के मामले में निरुद्ध आरोपी ने जेल जाते समय ब्लेड से अपनी गर्दन काटने का प्रयास किया। गंभीर हालत में उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। अपर पुलिस अधीक्षक का कहना है कि हुई लापरवाही के मामले में जांच कराई जा रही है।

रामपुर कला थानाक्षेत्र का बाबूपुर निवासी आशीष तिवारी नाबालिग को भगा ले जाने के मामले में निरुद्ध था। एक माह से वांछित चले आ रहे आरोपी को रामपुर कला थाना पुलिस ने गिरफ्तार किया। प्रभावी कार्रवाई के तहत उसे जेल भेजा जा रहा था। बताते हैं कि कारागार गेट के समीप पहुंचते ही उसे ब्लेड से अपनी गर्दन पर ताबड़तोड़ वार कर दिए। आशीष को घायल होता देख अफरातफरी मच गई। हमराह पुलिस ने आशीष (30) को जिला अस्पताल पहुंचाया, जहां देर तक उसका उपचार हुआ। सीएमएस डॉ. इन्द्र सिंह का कहना है कि उपचार कर रहे चिकित्सकों ने घायल की हालत में सुधार होना बताया है। उधर, अपर पुलिस अधीक्षक दुर्गेश सिंह का कहना है कि आरोपी आशीष के पास कैसे ब्लेड पहुंच गई, तब जबकि हमराह फोर्स जामा तलाशी के बाद ही उसे जेल ले जाता है। कुल प्रकरण की जांच कराई जा रही है, निष्कर्षों के आधार पर कार्रवाई की जाएगी। वहीं, इसी वर्ष जनवरी माह में इलाके के एक गांव की किशोरी लापता हो गई थी। पीड़ित पक्ष ने बाबूपुर गांव के आशीष को नाबालिग के भगा ले जाने का आरोपी बताकर केस दर्ज कराया था। तबसे आशीष वांछित चल रहा था।


दस्तारबंदी के दौरान उपस्थित मौलाना और हाफिज।

## 12 हाफिज बच्चों का सम्मान

**संवाददाता, बिसवां।** भगवानपुर माफी स्थित मदरसा जामिया इस्लामिया अनवारूल उलूम में धार्मिक जलसे का आयोजन हुआ। कार्यक्रम की सदारत मौलाना मोहम्मद राशिद कासमी ने की, जबकि निजामत कारी अब्दुर्रहीम जमी फर्रूखाबादी द्वारा निभाई गई। जलसे का आगाज हाफिज अब्दुल्ला की तिलावत से हुआ। कारी इरशाद खैराबादी ने नात-ए-पाक पेश की। इस अवसर पर कुरान पाक हिफ्ज पूरा करने वाले 12 बच्चों को पगड़ी व माला पहनाकर सम्मानित कर इनाम दिया गया।

### महमूदाबाद चौराहे पर हटाया गया अतिक्रमण

**सीतापुर।** सिधौली कस्बे में प्रशासन ने अतिक्रमण के खिलाफ अभियान चला। मुख्य मार्ग स्थित महमूदाबाद चौराहे से लेकर बाड़ी मार्ग के इर्द- गिर्द अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की गई। इस दौरान एसडीएम सिधौली राखी वर्मा, सीओ कपूर कुमार और अधिशासी अधिकारी रेणुका यादव सहित भारी संख्या में पुलिस बल मौजूद रहा।

## शादी समारोह में चले ईंट-डंडे

**संवाददाता मिश्रिख, अमृत विचारः** अकबरपुर गांव में देर रात एक शादी समारोह में मामूली कहासुनी ने हिंसक रूप ले लिया। हरदोई जिले के संडीला के अटवा गांव से लक्ष्मण पाल के पुत्र नरेश पाल की बारात आई थी। द्वाराचार की रस्म संपन्न हो चुकी थी, लेकिन जयमाला के दौरान हुए विवाद ने जश्न के माहौल को चीख-पुकार में बदल दिया। रात करीब 2:00 बजे जयमाला की रस्म चल रही थी। इसी बीच दूल्हे के रिश्तेदार व सहादतनगर निवासी पंकज ने लड़की के पिता से कार्यक्रम में हो रहे विलंब को लेकर चर्चा की और रस्मों को जल्दी निपटाने की बात कही देखते ही देखते दोनों के बीच तीखी बहस शुरू हो गई। विवाद इतना बढ़ा कि आक्रोश में आकर लड़की के पिता ने पंकज के सिर पर ईंट से जोरदार प्रहार कर दिया। पंकज को लहूलुहान गिरता देख अन्य बाराती भी वहां पहुंच गए और दोनों पक्षों के बीच जमकर मारपीट शुरू हो गई। शोर सुनकर भोजन परोस रहे ग्रामीण और अन्य लोग होरीलाल, ज्ञानू, रामसेवक बीच-बचाव करने दौड़े, लेकिन उन्हें भी काफी चोटें आईं हैं। घायल पंकज को गंभीर हालत में लखनऊ ट्रामा सेंटर भेज दिया गया है,

# व्यावसायिक वाहनों को राहत अब एकमुश्त टैक्स का विकल्प

संवाददाता, सीतापुर।

**अमृत विचार :** परिवहन विभाग द्वारा आयोजित दो दिवसीय 'परिवहन मेला के अवसर उप संभागीय परिवहन कार्यालय खैराबाद पर एआरटीओ सर्वेश चतुर्वेदी ने व्यावसायिक वाहनों के लिए नई कर दरों और 'एकमुश्त टैक्स' प्रणाली की घोषणा की है। इस नई अधिसूचना से जिले के करीब 28 प्रतिशत वाहन स्वामियों को सीधा लाभ होगा। परिवहन मेले में बताया कि मोटरसाइकिल पर वाहन मूल्य का 12.5फीसदी, तिपहिया पर सात फीसदी, और 10 लाख तक की मोटर कैब पर 10.5 फीसदी टैक्स लगेगा। 10 लाख से अधिक मूल्य की कैब पर यह दर 12.5 फीसदी होगी। जिसमें से माल वाहक पर तीन हजार किग्रा क्षमता तक के वाहनों पर 3फीसदी और 7500 किग्रा तक के वाहनों पर छह फीसदी टैक्स निर्धारित किया गया है। एआरटीओ सर्वेश चतुर्वेदी ने बताया कि पहले से पंजीकृत वाहनों को एकमुश्त कर में प्रति वर्ष 8फीसदी की छूट और अधिकतम 75 फीसदी तक की छूट मिलेगी। एआरटीओ ने बताया कि 15 वर्ष तक की आयु वाले निजी वाहनों को व्यावसायिक में बदला जा सकेगा। इसके लिए वाहन मूल्य का अतिरिक्त 2.5फीसदी कर देय होगा। एकमुश्त टैक्स जमा करने पर वाहन स्वामियों का आजीवन ब्याज भी माफ कर दिया जाएगा।

### मिड डे मील शेड ध्वस्त, सचिव निलंबित

**तालगांव।** परसेंडी विकासखंड की ग्राम पंचायत देना में मिड डे मील शेड के गुणवत्ताहीन निर्माण को लेकर जिलाधिकारी डॉ. राजा गणपति आर. ने बड़ी कार्रवाई की है। डीएम के निर्देश पर जिला पंचायत राज अधिकारी ने ग्राम पंचायत अधिकारी हिमांशु दीक्षित को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। यह कार्रवाई शेड के ध्वस्त किए जाने के बाद हुई। बता दें कि अभिलेखीय जांच में सामने आया कि शेड में इस्तेमाल सामग्री की गुणवत्ता खराब थी।

### किसानों के लिए जागरूकता का प्रचार शुरू

**बिसवां।** दि सेक्सरिया शुगर फैक्ट्री बिसवां द्वारा बसंतकालीन गन्ना बुवाई के लिए किसानों को जागरूक करने के लिए प्रसार प्रचार वाहनों को प्रचार के लिए मिल क्षेत्र में भेजा गया। कार्यक्रम का शुभारंभ जिला गन्ना अधिकारी रत्नेश्वर त्रिपाठी द्वारा हरी झंडी दिखाकर वाहनों को रवाना किया। सहकारी गन्ना विकास समिति बिसवां के अध्यक्ष सुधाकर शुक्ला ने किसानों को बसंत कालीन गन्ना बुवाई की बधाई दी। महाप्रबंधक गन्ना डॉ. अनूप कुमार ने किसानों को भूमि उपचार, बीज उपचार, ट्रेंच विधि से गन्ना बुवाई के साथ सह फसली की जानकारी दी। इस अवसर पर जीएम तकनीकी पी के सरकार, आरसी नौसरिया, गन्ना प्रबंधक विमल मिश्रा, शाहिद एवं चीनी मिल के अधिकारी, कर्मचारी गण उपस्थित रहे।

### जमीन के विवाद में युवक को पीटा, रिपोर्ट दर्ज

**सीतापुर।** लहरपुर कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम गंगुवा बेहड़ में जमीनी विवाद के चलते दबंगों ने एक व्यक्ति के घर में घुसकर उसकी जमकर पिटाई कर दी। ग्राम निवासी नरेंद्र पाल यादव (45) पुत्र राम प्रसाद ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि विगत पांच फरवरी को गांव के ही अंशू, सोनू, रामचंद्र और संतोष जमीन के विवाद को लेकर उनके घर में घुस आए। आरोपियों ने लाठी-डंडों से उन पर हमला कर दिया और घर के सामान में तोड़फोड़ की। हमले में नरेंद्र पाल को गंभीर चोटें आई हैं और उनके दाहिने हाथ की हड्डी फ्रैक्चर हो गई है। कोतवाली प्रभारी अरविंद सिंह ने बताया कि पीड़ित की तहरीर के आधार पर मामला दर्ज कर लिया गया है।

### नहर में मिला अधेड़ का शव

**संवाददाता सीतापुर, अमृत विचार :** जनपद के अलग-अलग थाना क्षेत्रों में शुक्रवार को अधेड़ पुरुष सहित दो की मौत से सनसनी फैल गई। लहरपुर कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम महजिदिया के पास शारदा सहायक नहर में करीब 55 वर्षीय एक अज्ञात पुरुष का शव उतराता हुआ देखा गया। स्थानीय लोगों द्वारा सूचना दिए जाने पर लहरपुर पुलिस मौके पर पहुंची। कोतवाली प्रभारी अरविंद सिंह ने बताया कि संबंधित थानों को अलर्ट कर दिया गया है और शव को बाहर निकालकर शिनाख्त के प्रयास किए जा रहे हैं।

**ससुराल लौटी नव विवाहिता ने दी जान :** नगर कोतवाली के कजियारा इलाके में एक वर्ष पूर्व ब्याही गई नाजमीन निवासी शाहजहांपुर का शव घर के अंदर फंदे से लटकता मिला। बताया जा रहा है कि मृतका महज एक सप्ताह पहले ही मायके से ससुराल आई थी। शुक्रवार सुबह परिजनों ने उसे फंदे पर लटका देख पुलिस को सूचित किया। पुलिस को मौके से कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है।

### पांच घर जलकर राख, दो महिलाएं झुलसी

**इमलिया सुल्तानपुर/रामपुर मथुरा।** 24 घंटों के भीतर दो स्थानों पर अग्निकाण्ड हुए। इमलिया सुल्तानपुर में एक बड़ी दुकान जलकर खाक हो गई। उधर, रामपुर मथुरा में पांच किसानों के घर राख के ढेर में तब्दील हो गए। इमलिया सुल्तानपुर थाना क्षेत्र के ऐलिया कस्बा निवासी विनय प्रकाश की प्रोविजन स्टोर में गुरुवार देर रात अचानक आग लग गई। थानाध्यक्ष आशीष तिवारी और दमकल विभाग की टीम ने मौके पर पहुंचकर आग पर काबू पाया। उधर, रामपुर मथुरा के तुलापुरवा गांव में गुरुवार शाम करीब पांच बजे लगी आग ने पांच किसानों साहेब लाल, विकास, बहाऊ, कांशीराम और कृपालाल के रिहायशी घरों को अपनी चपेट में ले लिया।

# इफ्तारी बनाने में बीता दिन, इबादत में गुजारी रात

संवाददाता, सीतापुर

**अमृत विचार :** मुकद्दस रमजान के दूसरे रोजे के साथ ही लोगों की दिनचर्या बदल गई। रात भर इबादत और तड़के सहरी के बाद नमाज अदा कर लोगों ने दिन की शुरुआत देर से जग कर की। सुबह 12:00 बजे तक अधिकतर घरों में सन्नाटा पसरा रहा और बाजार भी देर से खुले। दोपहर बाद रसोईघरों में इफ्तार की तैयारियां शुरू हुई। महिलाओं ने पकौड़ी, चाट, फल और मीठे व्यंजन तैयार किए।

मुकद्दस रमजान के पहले दिन गुरुवार को पुराने शहर के मोहल्ला कोट, शेख सराय, मिरदही टोला और कजियारा में दोपहर बाद से ही बाजार गुलजार हुए। मस्जिदों में कुरआन की तिलावत और नमाज का दौर चलता रहा। इफ्तार से पहले बाजारों में खासी भीड़ नजर आई। बिसवां, लहरपुर, महमूदाबाद, महोली, सदरपुर, पिसावां और तंबौर के बाजारों में भी रमजान की रौनक दिखाई दी। दुकानदारों के मुताबिक ईरानी खजूर, देशी घी के लच्छे और फलों की मांग में इजाफा हुआ है।

**तीन अशरों में मिलती हैं बेशुमार बरकतें :** कारी इस्लाम बताते हैं कि रमजान रहमत, मगफिरत और निजात का महीना है। पहला असरा रहमत का है। मतलब दस दिन खुदा रोजेदारों पर रहमत अता करता है। दूसरा असरा यानी की दस दिन मगफिरत और और तीसरे असरे मतलब आखिरी दस दिन जहन्नुम से निजात के माने जाते हैं। रोजेदार इन दिनों में खास इबादत और दुआ का एहतमाम करते हैं।



दुकान पर तैयार होती सूतफेनी। अमृत विचार

### खजूर और फलों के दामों में उछाल

**महमूदाबाद।** रमजान की शुरुआत के साथ ही पैंतेपुर, रामपुर मथुरा, सदरपुर, बांसुरा, गुड़ैचा सहित कस्बे के मुख्य बाजारों में भी रमजान की रौनक दिखी। खरीदारों की भीड़ से बाजार गुलजार रही। सेब, अंगूर, केला और संतरा के दामों में उछाल आया। खजूर और लच्छे की मांग सबसे अधिक रही। बाजारों में देर शाम तक खरीदारी जारी रही।

### बच्चों ने रखा पहला रोजा, हुई रोजाकुशाई


शादाब

सदरपुर इलाके के धरमपुर निवासी शादाब सहित कई बच्चों ने रोजा रखा। बच्चों ने सहरी में उत्साह के साथ हिस्सा लिया और परिवार के साथ नमाज अदा की। रोजा कुशाई पर घरों में मिठाइयां बांटी गई।

### 84 कोसीय परिक्रमा की दिव्यता बिखरी



**मिश्रिख (सीतापुर)।** धर्म और आस्था की पावन स्थली नैमिषारण्य में इन दिनों 84 कोसीय परिक्रमा की दिव्यता बिखरी हुई है। देश-दुनिया से आए लाखों श्रद्धालु भक्ति भाव के साथ इस दुर्गम पथ पर कदम बढ़ा रहे हैं और निर्धारित पड़ावों पर रात्रि विश्राम कर अपनी साधना को पूर्ण कर रहे हैं। इसी कड़ी में, परिक्रमा के सप्तम पड़ाव मंडरुआ (ग्राम पंचायत देवगवां) में श्रद्धालुओं को एक नई और भव्य अनुभूति हो रही है। जिलाधिकारी के निर्देश पर खंड विकास अधिकारी द्वारा ग्राम पंचायत सचिव व प्रधान के माध्यम से चौराहे का कायाकल्प कर उसे बेहद आर्कषक रूप दिया।

## न्यूज ब्रीफ

### दो ट्रकों की आमने सामने की टक्कर में फंस गया चालक

**जायस (अमेठी) :** कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत बहादुरपुर चौराहे के पास दो ट्रकों ने एक दूसरे को बचाने के चक्कर में जायस की ओर से आ रहा ट्रक चालक ने बाई ओर मोड़ते हुए अनियंत्रित होकर दो दुकानों में जा घुसा, वहीं चालक भी चोटिल होकर ट्रक के अंदर ही फंस गया, मौके पर पहुंचे स्थानीय लोगों के साथ ही पुलिस भी चालक परमहंश निवासी मीन नगर जनपद सीतापुर को रेस्क्यू करने में जुट गई। घंटों तक चालक दर्द से कराहता रहा, पुलिस द्वारा मदद करने के बावजूद भी चालक को रेस्क्यू नहीं कर पाया गया। जिसके बाद जेसीबी की मदद से घायल चालक को ट्रक के अंदर से निकाला गया। फिलहाल पुलिस ने घायल को एम्बुलेंस के माध्यम से सीएचसी गौरीगंज पहुंचाया गया।

### रमजान के दूसरे दिन जुमा में उमड़ी मस्जिदों में भीड़

**अमेठी :** रमजान के पाक महीने की शुरुआत होते ही अमेठी में मुस्लिम समाज में खासा उत्साह देखने को मिला। दूसरे ही दिन सुबह से मस्जिदों में नमाजियों की भीड़ उमड़ पड़ी। बाजारों में भी रोजे से जुड़ी खरीदारी को लेकर रौनक रही। चण्डेरिया निवासी अब्दुल हक खान ने बताया कि गुरुवार की सुबह से रोजा रखा गया। सुबह फज्र की नमाज अदा की गई, इसके बाद दोपहर और शाम की नमाजें पढ़ी गईं। शाम 6 बजकर 11 मिनट पर रोजा खोला जाएगा। ईशा की नमाज रात में अदा की गई। जामा मस्जिद के बड़े मौलवी आदिल रजा ने बताया कि रमजान का यह पाक महीना लगातार एक महीने तक चलेगा। उन्होंने कहा कि इस महीने में इबादत, रोजा और जरूरतमंदों की मदद का खास महत्व होता है।

### छेड़छाड़ के मामले जांच के दिए गए आदेश

**अमेठी :** गौरीगंज स्थित पुलिस अधीक्षक कार्यालय में एक व्यक्ति ने अपनी पत्नी के साथ हुई कथित छेड़छाड़ की शिकायत की है। उसने पुलिस पर कार्रवाई न करने का आरोप लगाते हुए न्याय की गुहार लगाई है। पीड़ित पति ने पुलिस अधीक्षक को एक शिकायत पत्र सौंपा है। पीड़िता गुधुरा, जो ग्राम भोये, थाना जामों की निवासी हैं, ने बताया कि वह अपने घर के बरामदे में लेटी थीं। तभी गांव के शिव कुमार नामक व्यक्ति ने उन्हें पकड़ लिया। आरोपी ने उनका ब्लाउज फाड़ दिया। पीड़िता के शोर मचाने पर आसपास के लोग मौके पर इकट्ठे हो गए। पीड़िता का आरोप है कि थाना जामों के कोतवाल विनोद सिंह ने इस घटना के संबंध में कोई कार्रवाई नहीं की। इस कारण पीड़ित परिवार को न्याय के लिए दर-दर भटकना पड़ा। अंततः उन्होंने पुलिस अधीक्षक से संपर्क साधा। पीड़ित पति ने पुलिस अधीक्षक सरवणन टी को एक विस्तृत शिकायत पत्र सौंपा। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक ने तत्काल संज्ञान लिया। उन्होंने पीड़ित परिवार को पूरी जांच कराने का आश्वासन दिए है। साथ ही, कार्रवाई करने का भी भरोसा दिलाया।

### मार-पीट के चार दोषियों पर जुर्माना

**श्रावस्ती :** मल्हीपुर पुलिस ने 13 वर्ष पूर्व परसा डेहरिया निवासी सईद उर्फ चून मौलाना पुत्र तैयब अली, तैयब अली की पुत्री, जाबिर अंसारी की पुत्री व ननकने अंसारी की पत्नी को मारपीट के आरोप में गिरफ्तार किया था। मामले में शुक्रवार को सीजेएम ने चारों दोषियों को न्यायालय उठने तक की अवधि का कारावास व प्रत्येक को 500 रुपए के अर्थदंड से दंडित किया।

# पूरे गरवर में गंदगी का साम्राज्य, नालियां चोक

## परेशानी: सड़क पर बह रहे नाली के गंदे पानी से ग्रामीण परेशान, प्रशासनिक दावों की खुली पोल

अवधेश द्विवेदी, कमरौली (अमेठी)

**अमृत विचार।** विकास खंड जगदीशपुर की ग्राम पंचायत कमरौली के पूरे गरवर में अमृत विचार की टीम गांव जाकर जाना बदहाल सफाई व्यवस्था ने प्रशासनिक दावों की हकीकत उजागर कर दी है। गांव की नालियां पूरी तरह चोक पड़ी हैं और गंदा व बदबूदार पानी सड़कों पर बह रहा है। जगह-जगह जलभराव और कीचड़ से राहगीरों का निकलना मुश्किल हो गया है। बच्चों, बुजुर्गों और महिलाओं को सबसे ज्यादा परेशानी झेलनी पड़ रही है। सड़ा पानी जमा होने से मच्छरों का प्रकोप बढ़ गया है, जिससे संचारी रोग फैलने का खतरा मंडरा रहा है। ग्रामीणों का आरोप है कि स्वास्थ्य विभाग भी इस ओर ध्यान नहीं दे रहा है।


चोक नाली का सड़क पर बहता गंदा पानी। अमृत विचार

तस्वीरों में साफ देखा जा सकता है कि नालियों में कचरा, प्लास्टिक और गाद भरी हुई है। पानी निकासी की समुचित व्यवस्था न होने के कारण हालात दिन-ब-दिन बदतर होते जा रहे हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि कई बार शिकायतें की गईं, लेकिन न तो नियमित सफाई हुई और न ही कोई स्थायी समाधान निकला। सवाल उठ रहा है कि जब हर ग्राम पंचायत में सफाई कर्मियों की तैनाती और नाली निर्माण के लिए बजट स्वीकृत होता है, तो जमीनी हालात इतने खराब क्यों हैं? क्या जिम्मेदार अधिकारी निरीक्षण नहीं करते या सब कुछ कागजों तक सीमित है।

ग्रामीणों में रोष बढ़ता जा रहा है। उनका कहना है कि यदि जल्द नालियों की सफाई, गाद निकासी और स्थायी जल निकासी व्यवस्था नहीं की गई, तो वे आंदोलन का रास्ता अपनाने को मजबूर होंगे। अब प्रशासन के लिए यह परीक्षा की घड़ी है।

### ग्रामीणों ने बयां किया दर्द


जुनेद आलम।


शमशाद अहमद।

ग्राम के परेशान जुनेद आलम ने बताया कि यह समस्या वर्षों से चली आ रही है। कई बार शिकायत की गई, लेकिन स्थायी समाधान नहीं निकला। गंदा पानी सड़क पर भर जाता है, जिससे बच्चों और बुजुर्गों को निकलने में दिक्कत होती है। वहीं ग्रामीण शमशाद अहमद का कहना है कि गांव में जलभराव से हालात बहुत खराब है कई बार कई बार इसकी शिकायत हुई, लेकिन सुनवाई नहीं हुई। अब निर्माण की देखना है काम कब शुरू होता है।

### क्या बोले जिम्मेदार

इस संबंध में पंचायत सचिव सुभाष पाण्डेय ने बताया कि गांव की समस्या संज्ञान में आई है। नाली निर्माण का प्रस्ताव तैयार कर आवश्यक प्रक्रिया शुरू की जाएगी। समस्या से निजात के लिए जल्द ही अस्थायी सफाई कराई जाएगी और नालियों से स्थायी जल निकासी व्यवस्था के लिए निर्माण कार्य प्रारंभ कराया जाएगा।

# कस्तूरबा विद्यालयों में 12वीं तक मिलेगी पढ़ाई व हॉस्टल की सुविधा

केशव बाजपेयी, अमेठी

**बीएसए बोले**

- नए सत्र से सभी 13 ब्लॉकों में छात्राएं कर सकेंगी पढ़ाई

**अमृत विचार।** जिले की बेटियों के लिए बड़ी खुशखबरी है। अब कक्षा 8 के बाद आगे की पढ़ाई के लिए छात्राओं को दूसरे विद्यालयों के चक्कर नहीं लगाने पड़ेंगे। अमेठी के कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालयों (केजीवीबी) में 12वीं तक की पढ़ाई और हॉस्टल सुविधा उपलब्ध कराने की तैयारी लगभग पूरी हो चुकी है। नए शैक्षणिक सत्र से छात्राएं अपने ही विद्यालय परिसर में रहकर कक्षा 12वीं तक शिक्षा प्राप्त कर सकेंगी। यह जानकारी बीएसए ने दी है।


संजय तिवारी, बीएसए।

बता दें कि वर्तमान में भेटुआ ब्लॉक के केजीवीबी में इंटर तक कक्षाएं संचालित हो रही हैं और छात्राओं के लिए हॉस्टल की व्यवस्था भी उपलब्ध है। वहीं मुसाफिरखाना और जगदीशपुर ब्लॉक में हॉस्टल सुविधा है, जहां रहकर छात्राएं नजदीकी इंटर कॉलेजों में पढ़ाई कर रही हैं। इसके अतिरिक्त भादर, संग्रामपुर, गौरीगंज, बहादुरपुर, सिंहपुर और शाहगढ़ ब्लॉक में एकेडमिक ब्लॉक और हॉस्टल का निर्माण कार्य लगभग पूरा हो चुका है। भवन विभाग को हैंडओवर करने की प्रक्रिया चल रही है और आवश्यक औपचारिकताएं पूरी की जा रही हैं। तिलोई ब्लॉक में भी हॉस्टल निर्माण पूरा हो चुका है, जहां छात्राएं रहकर निकटवर्ती इंटर कॉलेज में शिक्षा प्राप्त करेंगी। जामो, बाजार शुक्ल और अमेठी ब्लॉक में भी 85 से 90 प्रतिशत निर्माण कार्य पूरा हो चुका है। अधिकारियों को उम्मीद है कि नए सत्र से पहले सभी भवन पूरी तरह तैयार कर लिए जाएंगे।

वहीं इस संबंध में अमेठी के बीएसए संजय तिवारी ने बताया कि जिन भवनों का निर्माण कार्य पूर्ण हो चुका है, उनके हैंडओवर की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। फर्नीचर, टीएलएम और अन्य आवश्यक संसाधनों की खरीद के लिए शासन से धन की मांग की गई है। संसाधन उपलब्ध होते ही विद्यालयों का संचालन पूर्ण रूप से शुरू कर दिया जाएगा।

# अमेठी-कालिकन मार्ग पर हो गया जानलेवा गड्ढा, राहगीर भयभीत

संग्रामपुर (अमेठी)

**अमृत विचार।** जिले के अमेठी-कालिकन मार्ग पर मालती नदी के समीप गुरुवार की रात अचानक सड़क के बीचों-बीच लगभग एक मीटर व्यास का गहरा गड्ढा हो गया। अचानक बने इस गड्ढे से अनजान राहगीरों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। दिन हो या रात, इस मार्ग से गुजरने वाले वाहन चालक खतरे के साये में सफर करने को मजबूर हैं।स्थानीय लोगों का कहना है कि यह स्थिति लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) के कार्य की गुणवत्ता पर सवाल खड़े करती है।राहगीरों ने आशंका जताई कि यदि समय रहते सड़क की मरम्मत नहीं कराई गई तो कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है।क्षेत्र निवासी कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष बृजेश मिश्रा और ब्रिजेन्द्र सिंह ने आसपास से ईंटें लाकर गड्ढे को अस्थायी रूप से भरने का प्रयास किया, ताकि आवागमन पूरी तरह बाधित न हो। हालांकि स्थानीय लोगों का कहना है कि जब तक संबंधित विभाग द्वारा स्थायी और मजबूत मरम्मत नहीं कराई जाती, तब तक खतरा टलने वाला नहीं है।ग्रामीणों ने लोक निर्माण विभाग से तत्काल संज्ञान लेकर सड़क की मरम्मत कराने की मांग की है, जिससे संभावित दुर्घटनाओं को रोका जा सके और लोगों को सुरक्षित आवागमन की सुविधा मिल सके।


बीच रोड पर हो गया गड्ढा।

# अधीक्षक पर दुर्व्यवहार का लगा आरोप

जगदीशपुर (अमेठी)

**अमृत विचार।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में तैनात अधीक्षक के खिलाफ शुक्रवार को महिला स्वास्थ्यकर्मियों ने जोरदार विरोध प्रदर्शन किया। दर्जनों एएनएम और महिला स्वास्थ्य कर्मी अस्पताल परिसर में एकत्र हुईं और नारेबाजी करते हुए अधीक्षक पर मनमानी व दुर्व्यवहार के गंभीर आरोप लगाए।

प्रदर्शन के दौरान स्वास्थ्यकर्मियों ने "सीएचसी अधीक्षक हाय-हाय" और "महिलाओं का शोषण बंद करो" जैसे नारे लगाए। प्रदर्शन कर रहीं एएनएम का आरोप है कि अधीक्षक महिलाओं के साथ अभद्र व्यवहार करते हैं और कार्य से जुड़े मामलों में अनुचित मांगें करते हैं। उन्होंने कहा कि कार्यस्थल का माहौल असहज बना हुआ है, जिससे कर्मचारियों में रोष व्याप्त है। वहीं, मामले में अधीक्षक डॉ. संजय कुमार ने आरोपों को निराधार बताते हुए कहा कि प्रशासनिक कार्य करना सभी की जिम्मेदारी है। यदि किसी कर्मचारी को किसी प्रकार की समस्या है तो वह लिखित शिकायत दे, ताकि उसे उच्चाधिकारियों तक भेजा जा सके। उन्होंने कहा कि जो कर्मचारी सही तरीके से कार्य कर रहे हैं, उन्हें किसी प्रकार की दिक्कत नहीं है। प्रदर्शन में शामिल महिला स्वास्थ्यकर्मियों में स्नेहलता सिंह, ललिता, सोनम पाठक, सुमन सिंह, सुमन, सरोज चौधरी, शशिकला, सविता चौरसिया, प्रमिला मौर्या, दिव्या श्रीवास्तव, रूचि सिंह, किरण दुबे, रेखा श्रीवास्तव, रीता श्रीवास्तव, सीमा, प्रीति मिश्रा, रेनू, नीतू सिंह, सारिका सिंह, कविता तिवारी, दुर्गावती, पूनम भारती समेत अन्य मौजूद रहीं।


सीएचसी में अधीक्षक के खिलाफ प्रदर्शन करतीं महिला स्वास्थ कर्मी। अमृत विचार

**आक्रोश**

- महिलाओं का शोषण बंद करने के लगाए गए नारे

# दिन दहाड़े गोकशी की घटना से क्षेत्र में मचा हड़कंप, तीन गिरफ्तार

सिंहपुर (अमेठी)

**कार्रवाई**

- वीडियो वायरल होने से हिंदू संगठन में आक्रोश, जांच जारी

**अमृत विचार।** इंहौना थाना क्षेत्र के एक गांव में गोकशी की घटना सामने आने के बाद इलाके में हड़कंप मच गया। सोशल मीडिया पर एक गोकशी से सम्बंधित वीडियो वायरल हो रहा है जिसमें ग्रामीणों के साथ पुलिस एक बाग में मामले की जांच कर रही है। फिलहाल अमृत विचार वायरल वीडियो की पुष्टि नहीं करता है। वहीं ग्रामीणों का आरोप है कि थाना क्षेत्र में आये दिन गोकसी कि घटनायें होती रहती हैं किन्तु अपराध छुपाने में माहिर इंहौना पुलिस मामले को दबा देती है। वीडिओ वायरल होने पर इंहौना पुलिस के हाथपांव फूल गए और कार्यवाही में जुट गयी है। वहीं पुलिस का कहना है कि मामले में तीन लोग गिरफ्तार किए गए हैं, जिनसे पूछताछ जारी है।

जानकारी के मुताबिक शुक्रवार को ग्रामीण करन, आशीष तिवारी, प्रशांत, रिंकू व चन्दन आदि बताया कि करनगांव गांव के बाहर पठान की बाग के अंदर एक युवक को गो वंश लेकर जाते हुए देखा। ज़ब वे लोग बाग के अंदर गए तो गोवंश के अवशेष देखे, जिसके बाद बड़ी संख्या में लोग मौके पर एकत्र हो गए। सूचना मिलते ही पुलिस और प्रशासनिक अधिकारी घटनास्थल पर पहुंचे। गो वंशो के अवशेष को जमीन में दफन करा दिया। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि आये दिन असामाजिक तत्वों द्वारा गोकशी की जाती है किन्तु पुलिस द्वारा मामले को गंभीरता से नहीं लिया जाता है। क्षेत्राधिकारी तिलोई दिनेश मिश्रा ने लोगों से शांति बनाए रखने और अफवाहों पर ध्यान न देने की अपील की है। उन्होंने आश्वासन दिया है कि दोषियों के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी। पूरे मामले की जांच जारी है।

वहीं थाना क्षेत्र में गोकशी की घटना सामने आने के बाद हिंदू संगठनों में भारी आक्रोश व्याप्त है। संगठनों के जिला अध्यक्ष अवधेश मिश्रा व आदि पदाधिकारियों ने घटना की कड़ी निंदा करते हुए दोषियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की मांग की है। उनका कहना है कि क्षेत्र में लगातार हो रही ऐसी घटनाओं से धार्मिक भावनाएं आहत हो रही हैं। उधर पुलिस अधीक्षक अमेठी सरवणन टी. ने बताया कि एफआईआर दर्ज कर ली गई है कोई भी अपराधी बक्शा नहीं जायेगा। मामले में तीन लोगों को को हिरासत में लिया गया है। उनसे पूछताछ की जा रही है घटना में शामिल अभियुक्तों अति शीघ्र जेल भेजा जाएगा।

# शादी समारोह के दौरान दूल्हे के पिता से एक लाख की लूट

संवाददाता, अमेठी

**अमृत विचार।** बीते गुरुवार की रात अमेठी में एक शादी समारोह में सनसनीखेज वारदात हुई। बाइक सवार बदमाशों ने दूल्हे के पिता से रुपयों से भरा बैग छीन लिया। घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी। यह घटना अमेठी कोतवाली क्षेत्र के कस्बा स्थित अमर मैरिज लॉन के पास हुई।

संग्रामपुर थाना क्षेत्र के तिवारीपुर करनाईपुर गांव के पूर्व शासकीय अधिवक्ता रंगनाथ मिश्रा के बेटे दीपक मिश्रा की बारात आई थी। दूल्हा दीपक मिश्रा गृह मंत्रालय में सांख्यिकी अधिकारी के पद पर तेलंगाना में तैनात हैं। दुल्हन निवेदिता ठेंगहा गांव की रहने वाली हैं। रात करीब 10 बजे बारात ककवा सड़क से मैरिज लॉन की ओर जा रही थी। इसी दौरान एक युवक ने रंगनाथ मिश्र के हाथ से रुपयों से भरा बैग छीन लिया। वह अपने दो बाइक सवार साथियों के साथ मौके से फरार हो गया। रंगनाथ मिश्र ने बदमाशों का पीछा किया लेकिन वे भागने में सफल रहे। पुलिस ने आसपास के निगरानी कैमरों की फुटेज खंगालनी शुरू कर दी है।

दूल्हे के पिता रंगनाथ मिश्र ने बताया कि बारात नाच-गाजे के साथ निकल रही थी। तभी एक युवक ने उनके हाथ से रुपयों से भरा बैग छीन लिया। बैग में एक लाख रुपये थे। उन्होंने कुछ दूर तक बदमाशों का पीछा किया। लेकिन बदमाश बाइक से अपने साथियों के साथ फरार हो गए। वहीं अमेठी कोतवाली प्रभारी रवि सिंह ने बताया कि मामला संज्ञान में है। हालांकि, अभी तक कोई तहरीर नहीं मिली है। पुलिस टीम घटनास्थल के आसपास लगे कैमरों की जांच कर रही है।

### भगवान शिव और मां जगदम्बा मंदिर का हुआ जीर्णोद्धार, भंडारे में छका प्रसाद

**संवाददाता, रायबरेली, अमृत विचार।** अमोल विहार कालोनी में निर्माणाधीन राना बेनी माधव बक्स सिंह सभागार परिसर में शुक्रवार को दो मंदिरों का जीर्णोद्धार के बाद मूर्तियों की विधिवत पूजा अर्चन के बाद प्राण प्रतिष्ठा की गई। सभागार में पूर्व दिशा में भगवान शिव के परिवार एवं पश्चिम दिशा में आदि शक्ति माँ दुर्गा जी के मंदिर का जीर्णोद्धार करा कर भव्य रूप दिया गया है। दोनों मंदिरों में बाबा भोलेनाथ व आदि शक्ति मां भगवती की मूर्ति स्थापना कार्यक्रम तीन दिवसीय 18 से 20 फरवरी तक किया गया। धर्म सम्राट स्वामी करपात्री जी महाराज के शिष्य आचार्य पंडित राम लखन मिश्र प्रतापगढ़ के सानिध्य में अन्य विद्वान आचार्यों के द्वारा 18 फरवरी को प्राण प्रतिष्ठा के पूजन का कार्य प्रारंभ हुआ। शुक्रवार को प्रातः नौ बजे से स्थापना पूजन कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। इसके बाद भंडारे का आयोजन किया गया। इसमें लोगों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। इस मौके पर मदन बाजपेई, पूर्व प्राचार्य डायट जय प्रताप सिंह, राम बली सिंह, हरिहर सिंह, विजय रस्तोगी, रविंद्र सिंह, राकेश भदौरिया, राजेश यादव, डॉ. मनीष चौहान, डॉ. बृजेश सिंह, विकास सिंह, नरेंद्र सिंह फौजी, शिवम सिंह आदि उपस्थित रहे।


भंडारे में प्रसाद लेते लोग।

### निश्चय मित्र बनकर टीबी मरीज को लिया गोद

**महराजगंज (रायबरेली), अमृत विचार।** प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत कुसुढी सागरपुर में स्थित प्रधानमंत्री आयुष्मान आरोग्य मंदिर में कैंसर एवं क्षय रोगियों का स्क्रीनिंग कैंप लगाकर मरीजों की जांच की। संभावित रोगियों को बलगम की जांच करने के लिए सीएचसी महराजगंज भेजा गया। इसी गांव में रह रहे एक टीबी रोगी को गोद लेते हुए पोषण पोटली श्री वरुण देव (एसटीएस) के द्वारा उपलब्ध कराई गई। उन्होंने बताया की टीबी दवा के साथ-साथ संतुलित आहार लेने से यह बीमारी जल्दी ठीक हो जाती है। इस मौके पर ग्राम प्रधान ब्रज किशोर सिंह, डॉ नैंसी निरंजन, शशि, वंदना, शैल कुमारी आदि मौजूद रहे।



रोगियों को पोषण पोटली देते टीम के सदस्य।

### घायल बुजुर्ग की इलाज के दौरान हुई मौत

**संग्रामपुर (अमेठी) अमृत विचार।** क्षेत्र के रामगढ़ निवासी हरिश्चंद्र तिवारी पुत्र गंगाप्रसाद तिवारी का बीते 14 फरवरी दिन शनिवार को क्षेत्र के रामापुर से निमंत्रण से साइकिल से लौट रहे थे कि महका बल्टू बाबा रामू मुर्गी फार्म के पास एक तेज गति से आ रही बोलेरो ने जोर दार टक्कर मार दी जिससे वै गंभीर रूप से घायल हो गए गहरी चोट होने के कारण ट्रॉमा सेंटर लखनऊ लखनऊ रेफर कर दिया गया।अधिक चोट लगने से हरिश्चंद्र तिवारी कोमा में चले गये थे आज दोपहर में उनकी मृत्यु हो गई। अज्ञात बोलेरो चालक के विरुद्ध थाना संग्रामपुर में तहरीर दी गई जिसमें मुकदमा दर्ज कर पुलिस कार्यवाही कर रही है।


हरिश्चंद्र तिवारी की फाइल फोटो।

### प्रधान व सहायकों को दिया गया प्रशिक्षण

**अमेठी, अमृत विचार।** अमेठी के स्थानीय ब्लॉक सभागार में राष्ट्रीय ग्रामीण स्वराज योजना के तहत प्रधान व पंचायत सहायकों का प्रशिक्षण कराया जा रहा है। प्रशिक्षण में प्रधानों को गांव की कार्य योजना बनाना और उसे जमीन पर कैसे उतारा जाए, इसकी विधि समझाई गई। शुक्रवार को ग्राम पंचायत विकास अधिकारी, ग्राम पंचायत सहायक और ग्राम प्रधान प्रतिनिधि मौजूद रहे। प्रशिक्षिका गीता मौर्या ने गांव के विकास के लिए बनाई जा रही कार्य योजनाओं पर विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने स्वच्छ जल, विकसित और सुरक्षित गांव, हरा-भरा व स्वच्छ गांव जैसे मुद्दों पर विशेष जोर दिया। उन्होंने कहा कि योजनाओं की सही जानकारी लेकर सोच-समझकर काम किया जाए तो गांव का समुचित विकास संभव है। वहीं कुछ ग्राम प्रधानों ने कहा कि उनका कार्यकाल अब खत्म होने वाला है, ऐसे में यह प्रशिक्षण पहले हो जाना चाहिए था।

### पिकअप की टक्कर में दो छात्र घायल

**इकौना (श्रावस्ती) :** बौद्ध परिपथ स्थित इकौना के मोहनीपुर तिराहे के निकट शुक्रवार तेज रफ्तार पिकअप ने ई रिक्शा को टक्कर मार दिया। घटना में दो छात्र गंभीर रूप से घायल हो गए, जिन्हें अस्पताल ले जाया गया है। इकौना थाना क्षेत्र के ग्राम माफीपुरवा सोनराई निवासी रमन पांडेय (12) पुत्र धर्मेंद्र पांडेय व मोनी पांडेय (14) पुत्री शिव गणेश पांडेय अन्य बच्चों के साथ शुक्रवार ई-रिक्शा से स्कूल जा रहे थे। जैसे ही ई-रिक्शा मोहनीपुर के पास पहुंचा, तभी गिलौला की ओर से आ रही तेज रफ्तार पिकअप ने ई रिक्शा को टक्कर मार दी। टक्कर से ई-रिक्शा में सवार बच्चों में चीख-पुकार मच गई। स्थानीय लोगों और परिजनों की मदद से घायलों को तत्काल निजी वाहन से इकौना सीएचसी पहुंचाया। वहां से चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद रमन पांडेय की हालत गंभीर देखते हुए जिला अस्पताल भिनगा रेफर कर जिया। वहीं मोनी पांडेय को अस्पताल में भर्ती किया गया है। अन्य बच्चों की चोट हल्की होने के कारण उनका उपचार निजी अस्पताल में कराया गया।

**राष्ट्रीय आविष्कार अभियान**

## बच्चों ने कृषि विज्ञान केंद्र और इंदिरा गांधी पार्क का किया शैक्षणिक भ्रमण

# खेती की आधुनिक तकनीकों के बारे में दी गई विस्तृत जानकारी

महराजगंज (रायबरेली)

**अमृत विचार।** क्षेत्र के परिषदीय विद्यालयों के छात्र-छात्राओं में वैज्ञानिक दृष्टिकोण विकसित करने के उद्देश्य से 'राष्ट्रीय आविष्कार अभियान' के अंतर्गत शुक्रवार को एक दिवसीय एक्सपोजर विजिट का आयोजन किया गया। इस दौरान विकास खंड महराजगंज के विभिन्न स्कूलों से आए 96 छात्रों ने रायबरेली के दरियापुर स्थित कृषि विज्ञान केंद्र और इंदिरा गांधी उद्यान पार्क का भ्रमण कर खेती की आधुनिक तकनीकों के बारे में जाना।

खंड शिक्षा अधिकारी राम मिलन यादव के मार्गदर्शन में दो बसों के जरिए छात्र कृषि विज्ञान केंद्र पहुंचे। यहां कृषि वैज्ञानिक डॉ. राजेश कुमार कनौजिया और डॉ. अनिल कुमार ने बच्चों को कृषि की बारीकियों व पौधों और उनकी प्रजातियों से अवगत कराया। इसके अलावा उन्होंने पॉलीहाउस खेती से कम जगह और नियंत्रित वातावरण में उगाई जाने वाली सब्जियों की जानकारी एवं मिट्टी की उर्वरता बढ़ाने में जैविक खाद की उपयोगिता के बारे में बताया। इसके बाद छात्रों को इंदिरा गांधी उद्यान पार्क ले जाया गया। यहाँ बच्चों ने पूर्व प्रधानमंत्री स्व. इंदिरा गांधी के जीवन परिचय और उनके योगदान के बारे में विस्तार से जाना। ज्ञानार्जन के साथ-साथ छात्रों ने पार्क में खेलकूद कर जमकर मस्ती भी की। भ्रमण के दौरान प्रत्येक विद्यालय से चयनित तीन-तीन मेधावी छात्रों के अलावा एआरपी अंकित गुप्ता, विकास चौधरी, मीनाक्षी पाण्डेय, शिक्षक राकेश त्रिवेदी, पूजा सिंह, सोनी कुमारी, जयकरन, पवन साहू, नीरज, धनंजय सिंह, आयूष और राजवीर सिंह आदि उपस्थित रहे।


छात्रों को जानकारी देते कृषि वैज्ञानिक डॉ. राजेश कनौजिया। अमृत विचार

### एनटीपीसी ऊंचाहार में ग्रामीण खेल प्रतियोगिता सम्पन्न

**ऊंचाहार (रायबरेली) अमृत विचार।** एनटीपीसी में ग्रामीण खेल प्रतियोगिता सम्पन्न हुई, जिसका उद्घाटन व शुभारंभ परियोजना प्रमुख बिस्व मोहन सिंह तथा प्रियदर्शिनी महिला क्लब की अध्यक्षा रश्मि देबाता ने मशाल जलाकर किया। मुख्य अतिथि ने खेल शपथ दिलाकर खिलाड़ियों से अपील किया कि हार जीत से परे खेल भावना से खेलें तथा भाईचारा बनाए रखें। उन्होंने कहा कि जीवन में कैरियर के लिए जितना पढ़ाई जरूरी है उतना ही स्वास्थ्य के लिए खेल, इसलिए सभी खिलाड़ी इसे अपनी दिनचर्या में शामिल करें। नैगम सामाजिक दायित्व के तहत एनटीपीसी द्वारा आयोजित इस खेल कुंभ में आसपास के पंद्रह गांवों के तेरह सेकंडरी तथा हायर सेकेंडरी स्कूलों के लगभग एक सौ पचास खिलाड़ियों ने भाग लिया तथा एनटीपीसी द्वारा अवसर दिए जाने पर खुशी जाहिर की। खेल कुंभ में सौ मीटर, दो सौ मीटर, चार सौ मीटर रेस, रिले रेस, लंबी कूद, डिस्कस थ्रो सहित कई प्रतियोगिताएं संपन्न हुई। समारोह में महाप्रबंधक आशुतोष बिस्वास, दिलीप कुमार साहू, मानव संसाधन प्रमुख पंकज कुमार, प्रीति सिन्हा, कई विभागाध्यक्ष, डीसीसीआईएसएफ अजय त्रिपाठी, प्रियदर्शिनी महिला क्लब की उपाध्यक्ष झूमिता बिस्वास, यूनियन एवं एसोसिएशन के अध्यक्ष एवं महासचिव सहित प्रधानगण एवं प्रधान प्रतिनिधि रंजीत सिंह, जितेंद्र सिंह की उपस्थिति उल्लेखनीय रही। सभी खिलाड़ियों को एनटीपीसी द्वारा पुरस्कृत किया गया। संचालन वरिष्ठ प्रबंधक (सीएसआर) स्नेहा त्रिपाठी ने किया।


एनटीपीसी में आयोजित खेल प्रतियोगिता में शपथ लेते अतिथि।

